हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 13.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 141 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# केंद्र का बड़ा फैसला : 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी


**नयी दिल्ली :** 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी। अब केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है। इससे पहले 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा।

### क्या है एक देश एक चुनाव की बहस?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम जैसे राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव से ऐन पहले हुए तो लोकसभा चुनाव खत्म होने के छह महीने के भीतर हरियाणा, जम्मू कश्मीर में चुनाव हुए। इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव कराए गए। अब दिल्ली में चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है।

दरअसल, एक देश एक चुनाव की बहस 2018 में विधि आयोग के एक मसौदा रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी। उस रिपोर्ट में आर्थिक वजहों को गिनाया गया था। आयोग का कहना था कि 2014 में लोकसभा चुनावों का खर्च और उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों का खर्च लगभग समान रहा है। वहीं, साथ-साथ चुनाव होने पर यह खर्च 50:50 के अनुपात में बंट जाएगा।

सरकार को सौंपी अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट में विधि आयोग का कहना था कि साल 1967 के बाद एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया बाधित हो गई। आयोग का कहना था कि आजादी के शुरूआती सालों में देश में एक पार्टी का राज था और क्षेत्रीय दल कमजोर थे। धीरे-धीरे अन्य दल मजबूत हुए कई राज्यों की सत्ता में आए। वहीं, संविधान की धारा 356 के प्रयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया को बाधित किया। अब देश की राजनीति में बदलाव आ चुका है। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की संख्या काफी बढ़ी है। वहीं, कई राज्यों में इनकी सरकार भी है।




**कोविंद समिति ने यह भी कहा**

- 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए हैं।
- 1999 में विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट में पांच वर्षों में एक लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए चुनाव का सुझाव।
- 2015 में संसदीय समिति की 79वीं रिपोर्ट में दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाए गए।
- रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध है: https://onoe.gov.in
- राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श किया।
- व्यापक फीडबैक से पता चला है कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए व्यापक समर्थन है।

### एक साथ चुनाव पर बनी समिति की सिफारिशें क्या थीं?

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एक साथ चुनाव की सिफारिशें को दो चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित किये जायेंगे। दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत और नगर पालिका) किये जायेंगे। इसके तहत सभी चुनावों के लिए समान मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके लिए पूरे देश में विस्तृत चर्चा शुरू की जाएगी। वहीं एक कार्यान्वयन समूह का भी गठन किया जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड में अगले तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट



**रांची :** झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है। इससे ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो गयी है। अगले तीन दिनों तक राज्य में शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 13, 14 और 15 दिसंबर को शीतलहरी का प्रकोप रहने की संभावना है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर राज्य के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से और अधिक कनकनी बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक सुबह में कोहरा रहेगा लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा।

# वर्ष 2019 के बाद से राज्य में दिखा परिवर्तन : हेमन्त सोरेन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। हमें गर्व है, उन महापुरूषों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा। लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नए राज्य पर मुहर लगाई लेकिन अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गए। इस पीड़ा को हम लोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया गया कि दोबारा उबर नहीं सके। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाए गए। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की भूमिका है।

## झारखंड को समर्पित है अबुआ सरकार : कल्पना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह अपनों की सरकार है। अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है। अभिभाषण में इच्छाशक्ति है, जो खुशहाली देने वाली है।

उन्होंने कहा कि एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे। जनादेश महागठबंधन को मिला है। क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र की योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है। किसानों का ऋण माफ किया गया है। झारखंड में झामुमो की अपनी पहचान रही है। ये राज्य झामुमो की उपज है। यह जनादेश आदिवासी-मूलवासियों ने दिया।

विधानसभा सत्र के अंतिम दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन के वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्रदेश में क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है। झारखंड की बेटी, बहु और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे इस पर कोई नहीं बोल रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की जबान फिसल गई। उनके मुहं से कुछ आपत्तिजनक शब्द निकले, जिस पर भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कड़ी आपत्ति जताई।

नीरा यादव ने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहते हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हेमलाल मुर्मू इस पर माफी मांगे। स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है।





नवनिर्वाचित सदस्यों के ग्रुप फोटो सेशन में अध्यक्ष रबींद्रनाथ, सीएम हेमन्त सहित कई नेता हुए शामिल

### झामुमो के मुख्य सचेतक बने मथुरा प्रसाद महतो

झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक बनाया गया है। गुरुवार को सदन में इसकी घोषणा की गई।

## झारखंड विधानसभा में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया। राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्मेताल किया गया।

अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद इसे मंजूरी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सभी सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से, अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन वो उम्मीद करते हैं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मिक भाव हो। हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब उनके लिए सदस्य हैं। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

## प्रधानमंत्री ने डी गुकेश को शतरंज का विश्व चैंपियन बनने पर दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने वाले 18 वर्षीय डी गुकेश को बधाई दी है। भारत के डी गुकेश शतरंज की दुनिया के नये और सबसे युवा विश्व चैंपियन बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर गुकेश की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ऐतिहासिक और अनुकरणीय। गुकेश डी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। उनकी जीत ने न केवल शतरंज के इतिहास में उनका नाम दर्ज किया है बल्कि लाखों युवा दिमागों को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

# धार्मिक स्थलों पर न तो नये मुकदमे दायर किए जाएंगे और न ही सर्वेक्षण का आदेश दिया जाएगा : सुप्रीम कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है।



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

### केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय

साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

नवगठित पीठ ने नए मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

### उपासना स्थल अधिनियम 1991 क्या है

उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था। इस कानून का उद्देश्य 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करना था। देश भर में मस्जिद और दरगाह सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण करने के लिए लगभग 18 मुकदमे दायर किए गए हैं।

# मजदूरों को कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर सीएम के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखंड के श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गुरुवार को श्रमायुक्त ने नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के जरिये उक्त श्रमिकों को अन्तरराज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये और बगैर लाइसेंस प्राप्त किए, धोखे से और जालसाजी कर मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि झारखण्ड के कुछ श्रमिक एम/एस ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने पीओई रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

## एक नजर

### स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग से चार छात्रों ने नेट परीक्षा पास की



**हजारीबाग :** यूजीसी द्वारा आयोजित नेट जून २०२४ परीक्षा जिसका आयोजन अगस्त 2024 में की गई थी, उसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय,हजारीबाग स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के चार छात्रों ने सफलता प्राप्त की। तीन पूर्ववर्ती छात्र समसत्र २०१९-२०२१ के और एक छात्रा समसत्र २०२०-२०२२ की हैं। इनके नाम है सिद्दीक सुम्बुल,शुभम मोइत्रा, ज्योति चौधरी एव कुमारी प्रेरणा सिन्हा हैं। ज्ञात हो की स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय से करीब-करीब प्रत्येक वर्ष जेआरएफ एवं नेट पात्रता परीक्षा में छात्र सफलता प्राप्त करते हैं । अध्यक्ष डॉ सैयद रिजवान अहमद ने छात्रो की उपलब्धियों पर हर्ष जताया एवं उन्हें आगे भी मार्गदर्शन करने का आश्वासन दिया। उत्तीर्ण छात्रों ने भी विभाग के सारे फैकल्टीज का आभार व्यक्त किया।
इस विभाग मे करीब दो दर्जन छात्र पीएचडी कर रहे हैं ।

### नए वित्त सलाहकार अखिलेश शर्मा ने दिया योगदान, कुलपति ने किया स्वागत



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नए वित्त सलाहकार अखिलेश शर्मा को गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इससे पूर्व अखिलेश शर्मा ने वित्त सलाहकार के रूप में अपना योगदान संबंधी औपचारिकताओं को पूरा किया। ज्ञात हो कि राजभवन द्वारा इनकी नियुक्ति 28 नवंबर को की गई थी और इन्हें 15 दिसंबर तक योगदान करने का निर्देश दिया गया था।

### 50 हजार रुपये की छिनतई और दो बाइक की हुई चोरी




**चौपारण :** प्रखंड में बृहस्पतिवार का दिन चोरों का दिन रहा। जहां महाराजगंज बाजार से दो बाइक को चोरों ने चुरा लिया। वही दूसरी घटना में चौपारण में दिनदहाड़े प्रसिद्ध विष्णु खीरमोहन की दुकान के स्टाप से चोर ने 50 हजार रुपये से भरा बैग उड़ा लिया। यह घटना चौपारण ब्लॉक मोड़ अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया में हुई। जहां अपराधियों ने बिना किसी डर के दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। दिनदहाड़े व्यस्त बैंक में हुई घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। इधर, विष्णु खीरमोहन के मालिक शंकर यादव ने घटना के संबंध में चौपारण थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कथित घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में घटना का फुटेज खंगाला, ताकि अपराधी का कोई सुराग मिल सके।

# पंचायत समिति सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक बुलाई गई। बैठक की शुरूआत में पिछले बैठक में लिए गए निर्णय एवं समस्याओं पर कितना काम धरातल पर हुआ इसकी मांग करने पर प्रखंड कार्यालय के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही बैठक हुई थी इसका भी रिकॉर्ड प्रखंड कार्यालय के द्वारा प्रस्तुत करने में असमर्थता जताई गई। जिसके बाद पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर दिया और बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के गेट के बाहर धरना पर बैठ गए। पंचायत समिति सदस्यों का कहना है कि आज तक जितनी भी बैठकें हुई उसका एक भी पारित किए गए प्रस्तावों पर कार्यवाई नहीं की गई, इसलिए हम लोग अपने क्षेत्र में जवाब देने के काबिल नहीं बचे और जब तक कार्यवाई नहीं होगी तब तक बैठकों का बहिष्कार होता रहेगा। वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के द्वारा लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर शो काउज लेटर जारी किया गया और 24 घंटा के अंदर जवाब मांगा गया। उसके बाद पंचायत समिति के सदस्य धरना से उठे।

**क्या कहना है बड़कागांव पंचायत समिति का**

बहिष्कार करने के उपरांत धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बताया कि पंचायत समिति के गठन होने के साथ ही प्रखंड के कई पंचायत समिति सदस्यों के बीच विधिवत विभागों का बंटवारा किया गया। लेकिन वह विभागों का बंटवारा केवल कॉपी - कलम या डायरी तक ही सीमित है, आज तक उन विभागों से संबंधित कई काम हुए, लेकिन जिन पंचायत समिति सदस्यों को वे विभाग मिलें हैं, उस विभाग से संबंधित कोई भी कार्य की सूचना या जानकारी नहीं दी जाती है।
आगे बताया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समय पर पदाधिकारी व कर्मचारियों का न पहुंचना, गरीब लोगों को काम न होकर लेन - देन करने वालों का काम जल्द होता हैं, इन कारणों से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सप्ताह में एक दिन राजस्व कर्मचारी पंचायत भवन में बैठकर कामों का निष्पादन करेंगे लेकिन आज तक यह कार्य धरातल पर नहीं उतर पाया है। गोंदलपुरा पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की हत्या का आज तक उद्भेदन नहीं होना मुख्य मांगों में शामिल है। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपेंद्र कु प्रसाद, रितेश ठाकुर, रंजीत कु चौबे, कृष्णा राम, गणेश साव, किशोर कुमार बेदिया, उर्मिला कुमारी, कोशिला कुमारी, सुनीता देवी, रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी, सुनीता देवी, मेघा कुमारी,, गीता देवी, बभनी देवी, प्रभु राम, मुखिया कविता देवी आदि मौजूद थें।

## कांग्रेस की विधानसभा चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण आश्रम में हजारीबाग विधानसभा में हुए चुनाव के नतीजे को लेकर एक समीक्षा बैठक बरही विधानसभा, मांडू विधानसभा तथा बड़कागांव विधानसभा का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की । इस बैठक मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला चुनाव समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि जिला चुनाव समीक्षा समिति के सदस्य सुल्तान अहमद, रविन्द्र झा तथा संविधान रक्षक अभियान के जिला संयोजक शांतनु मिश्रा उपस्थित हुए । बैठक में प्रदेश पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदेश प्रतिनिधि जिला के पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य प्रखंड अध्यक्ष प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंच मोर्चा के अध्यक्ष तथा कार्यकताओं ने अपने-अपने विचारों को रखा । जिला समीक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुन कर कहा कि जिला के विधान सभाओं में पार्टी की जो हार हुई है इस समीक्षा बैठक में छन कर आई है । इन सभी बिंदूओं को प्रदेश के उच्च पदाधिकारी के सामने रख कर कहां भुल और कहां चुक हुई इस पर चिंतन और मंथन कर इसे दुरूस्त किया जाएगा ताकि आने वाले लोकसभा या विधानसभा में इसकी पुनरावृति न हो ।

## कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड में हिंदी सप्ताह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** झारखंड स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने किसानों के उन्नयन और खेती में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी भाषा के माध्यम से ज्ञान विस्तार पर जोर दिया है। संस्थान का मानना है कि चूंकि किसानों की समझ और संवाद का माध्यम हिंदी है, इसलिए उन्हें उनकी भाषा में प्रशिक्षण और जानकारी देना अधिक प्रभावी होगा। संस्थान में लगभग 15 वैज्ञानिक और अन्य कर्मचारी गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों से आते हैं। इन कर्मचारियों और किसानों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय के लिए संस्थान में नियमित रूप से कार्यशालाएं, गोष्ठियां, किसान मेले और अन्य कार्यक्रम हिंदी में आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में 10 से 16 दिसंबर, 2024 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। हिंदी सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों के भाषण, कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद, और किसानों के लिए विशेष गोष्ठियां शामिल थीं। विद्यार्थियों के बीच सामाजिक विषयों पर चर्चा और प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। आज आयोजित शब्दावली, श्रुतिलेख, और निबंध प्रतियोगिताओं में 26 वैज्ञानिकों, 8 तकनीकी कर्मचारियों, और 3 प्रशासनिक कर्मियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन राजभाषा क्रियान्वयन समिति के तत्वावधान में हुआ। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोड़ाहार के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विशाल नाथ, दिलीप रॉय, और का संरक्षण और मार्गदर्शन रहा।

## जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव ने विधायक जयराम महतो से विधानसभा में की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : झारखंड विधानसभा में बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और डुमरी विधानसभा के विधायक जयराम महतो से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान कृष्णा यादव ने विधायक जयराम महतो को बधाई दी और उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। श्री यादव ने कहा कि आपके नेतृत्व में राज्य में विकास के कई नए आयाम खुलेंगे। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) पार्टी को सशक्त बनाने और जनता की सेवा के लिए आपके प्रयास सराहनीय हैं। दोनों नेताओं ने झारखंड में राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा की और जेएलकेएम पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। कृष्णा यादव ने भरोसा जताया कि जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में पारदर्शी और जनहितैषी नीतियों को बढ़ावा मिलेगा। विधायक जयराम महतो ने इस अवसर पर कहा कि उनकी प्राथमिकता झारखंड के हर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देना और जनता की समस्याओं का समाधान करना है।

## किसान अपना धान बिचौलियों के माध्यम से न बेचें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, झारखंड सरकार के निदेशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसम्बर, 2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होना है। धान अधिप्राप्ति की सभी प्रारंभिक तैयारियाँ यथा अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए 2,300/- प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस रुपए 100/- प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने-पौने दाम पर धान बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने किसानों के बीच 15 दिसम्बर, 2024 से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना तथा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, कृषक मित्र एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी के माध्यम से किसानों के बीच जागरूकता लाने हेतु निर्देशित किया है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के बीच प्रचार प्रसार करके यह सुनिश्चित करें कि जिले के किसान अपना धान बिचौलियो के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर या औने-पौने दाम पर धान की बिक्री नहीं करे।

# सदर विधानसभा की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पबद्ध हैं : प्रदीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदर क्षेत्र की जनता की आवाज को बुलंद करना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और वे सदैव इसके लिए ऋणी रहेंगे। रांची में मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। सड़कों की खराब स्थिति, जल निकासी की समस्याएं, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और रोजगार के अवसरों का अभाव जैसी बुनियादी सुविधाओं में कमी से जनता परेशान है।

**राज्य सरकार से अपील**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार से अपील करते हुए कहा कि इन समस्याओं पर तत्काल ध्यान दिया जाए। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे हर समस्या का गंभीरता से समाधान करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा, ₹क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनता को उनके अधिकार दिलाना मेरी जिम्मेदारी है। आपकी आवाज मेरी आवाज है, और मैं हर मंच पर इसे बुलंद करूंगा। उन्होंने क्षेत्रीय विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने की भी घोषणा की, जिसमें जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा, ₹आपके सहयोग और विश्वास के बिना यह संभव नहीं है। आइए, हम सभी मिलकर हजारीबाग को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएं।

**हजारीबाग हत्याकांड पर जताई गहरी चिंता, जल्द खुलासे की मांग**

रांची में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने हजारीबाग में हुई तीन लोगों की निर्मम हत्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड का अब तक खुलासा न होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।
विधायक ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मामले की त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे। ₹इस तरह की घटनाएं समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं और कानून-व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती हैं। विधायक ने आग्रह किया कि इस मामले को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द सुलझाया जाए और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाए।


## संक्षिप्त खबरें

### बंधु तिर्की से मिला बरही का युवा प्रतिनिधिमंडल हार के कारणों पर की चर्चा



**बरही :** युवा बरही कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने कांग्रेस पार्टी के समीक्षा संयोजक बंधु तिर्की से मिलकर बरही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी हार की कारणों के विषय में बताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बंधु तुर्की को बुके देकर स्वागत किया। मंजीत यादव ने कहा कि बरही विधानसभा में बदले की भावना से नहीं बदलाव की भावना से कांग्रेस पार्टी को कम करना होगा, स्थानीय लोगों को रोजगार देना होगा, स्थानीय लोगों को प्रतिनिधित्व देना होगा, जात पात की राजनीति नहीं कर सभी जाति और धर्म को जोड़कर पार्टी को फिर से मजबूत किया जाएगा। बंधु तिर्की से मिलने वालों में युवा अध्यक्ष बरही विधानसभा मनोहर यादव, बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष मंजीत यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष पदमा संजय यादव, युवा नेता आकाश भारती, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद असलम, कटकमसांडी बीस सूत्री अध्यक्ष सरजू यादव शामिल रहें। इस दौरान सभी ने साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को जीत और मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया।

### विधायक ने विधानसभा में नशाखोरी एवं अफीम की खेती का उठाया मामला



**चौपारण :** झारखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सरकार द्वारा लाई गई अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अफीम की खेती का मामला उठाया। मनोज यादव ने कहा कि चतरा के जंगली क्षेत्र खासकर चौपारण के जंगली क्षेत्र में भारी मात्रा में अफीम की खेती की जा रही है। पुलिस प्रशासन व वन विभाग की मिलीभगत से इनकार नही किया जा सकता है। कहा युवा नशे के गिरफ्त में आ रहे है। युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार से आग्रह करता हूँ कि चौपारण प्रखण्ड के जंगली क्षेत्र में हो रहे अफीम कि खेती को नष्ट किया जाए और चौपारण को नशा मुक्त बनाया जाए। यादव ने कहा कि हमने सदन को अफीम की खेती से संबधित मामले से अवगत करा दिया है। अगर कार्रवाई नही हुई तो इस मामले में जल्द ही उच्च अधिकारियो से बात की जाएगी। कहा बरही विधानसभा में जिला प्रशासन को अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना चाहिए।

### वन विभाग की टीम ने कार्रवाई कर अवैध दर्जनों महुआ भट्टी किया ध्वस्त



**चौपारण :** प्रखंड मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर अती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र भगहर मे वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई किया।भगहर पंचायत के ग्राम लोहरा, भंडार और परसातरी में वन विभाग की टीम ने कई शराब भट्टियों को नष्ट किया और महुआ चुलाई शराब बनाने वाले उपकरण को भी घटनास्थल पर ही विनिष्ट किया। इस संबंध में वन विभाग के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया की वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग वन प्रमंडल के निदेशानुसार चौपारण और बरही की टीम ने लोहरा, भंडार और परसातरी में अवैध चुलाई शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान जंगल झाड़ी से करीब अवैध जावा महुआ तथा महुआ चुलाई शराब बनाने वाला उपकरण को घटनास्थल पर नष्ट किया गया। वहीं घटना स्थल से हजारों लीटर अवैध चुलाई शराब को भी नष्ट किया गया है। अभियुक्तों की पहचान कर अभियुक्त के विरुद्ध वनवाद दर्ज किया जाएगा।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में बॉलीबाल टूर्नामेंट संपन्न



**पदमा :** मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में दो मैच पुरुष तथा महिला प्रशिक्षुओं के बीच खेले गए। महाविद्यालय के फिजिकल टीचर प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय के बी.एड के प्रथम एवं तृतीय सत्र के लड़के और लड़कियों के टीम के बीच मैच संपन्न हुआ। लड़कों की सेमेस्टर 1 की आशीष के नेतृत्व में टीम विजई हुई। जबकि सेमेस्टर 3 के प्रशिक्षु मोहित के नेतृत्व में उपविजेता रहे, वहीं लड़कियों की टीम में सेमेस्टर 1 की टीम संजना के नेतृत्व में विजय रही, जबकि सेमेस्टर 3 की प्रतिमा की नेतृत्व वाली टीम मैच में उपविजेता रही। मैच में प्रो. अविनाश कुमार तथा टेक्निकल ऑफिशियल रोहित कुमार यादव ने रेफरी की भूमिका निभाई जबकि अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्रबंधन के अधिकारी गण मौजूद थे। मैच के उपरांत विजेता तथा उपविजेता टीम को संस्था अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता, सचिव हरि कुमार, उपसचिव अजीत कुमार तथा निदेशक श्री रवि प्रकाश ने कप तथा मेडल देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रातः 11:00 बजे शुरू होकर शाम 04:00 बजे तक कार्यक्रम चला, जिसमें प्रशिक्षुओं सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करता रहा।

### कैंपस प्लेसमेंट में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का हुआ चयन



हजारीबाग : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग से 10 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन फार्मर रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर हुआ है। इससे पूर्व भी नवंबर माह में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन इसी पद के लिए किया गया था। चयनित विद्यार्थियों में इशिका कुमारी, नीरज कुमार, संजय कुमार महतो, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, रोयल कुमार, चंदन कुमार, हरि किशोर प्रसाद व अभिषेक कुमार के नाम शामिल हैं। बता दें कि सभी विद्यार्थियों का चयन फार्मर फेस कंपनी के लिए एचआर अर्चना चतुर्वेदी व अमर कुमार के द्वारा लिए गए वर्चुअल साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि कृषि विभाग में भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह कोशिश है कि यहां के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ प्लेसमेंट का भी अवसर प्राप्त हो, जिससे उनके सफल जीवन को एक सही दिशा मिल सके।

## एक नजर

### एचसी से निशिकांत दुबे को राहत

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत दी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जेएमएम का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ी प्राथमिकी में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। इस फैसले में हाईकोर्ट ने उस एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। बता दें कि इस मामले में बुढ़इ थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसे एफआईआर को रद्द करने की अर्जी के साथ सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जानकारी हो कि इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। इसमें निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

रांची : झारखंड की राजधानी रांची के नगड़ी थाना अंतर्गत एडचोरो रेलवे क्रॉसिंग के पास सासाराम एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान रातु थाना अंतर्गत बाजुपर के रहने वाले रामकिशोर के 20 वर्षीय बेटे अरुण गोप के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद युवक का शव एडचोरो से पिस्का नगड़ी तक कई किलोमीटर दूर तक रेल से घसीटता हुआ चला गया। घटना 11:30 बजे के आसपास की बतायी जा रही है।

### 18 से फिर से शुरू होगा झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

रांची : 18 दिसंबर से फिर से शुरू होगा झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जिले के एसपी, एसएसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है, कि आम नागरिकों की शिकायत का त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए सभी जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस संबंध में दुबारा पूर्व में आयोजित स्थान पर 18 दिसंबर को सभी जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से हुई थी।

### कांग्रेस विधायक दल के नेता बने प्रदीप यादव

रांची : आखिरकार कांग्रेस को विधायक दल का नेता मिल गया है। पार्टी आलाकमान ने प्रदीप यादव के नाम पर मुहर लगा दी है। जानकारी के अनुसार इसकी सूचना स्पीकर को भी दे दी गई है। वहीं राजेश कच्छप को उप नेता बनाया गया है। कुमार जयमंगल को कांग्रेस विधायक दल का मुख्य सचेतक बनाया गया है।

### झारखंड ने दूसरे मैच में हिमाचल को रौंदा

रांची : झारखंड प्रशासनिक सेवा पदाधिकारियों की फुटबॉल टीम ने एक बार शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की टीम को 6–0 से रौंद कर ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला भी जीत लिया है। इस जीत के साथ ही झारखंड की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। गुरुवार को हुए मुकाबले में टीम की कप्तानी सचिन तिग्गा ने की और उन्होंने 7 गोल दागे। वहीं श्रवण खलखो और उत्तम लकड़ा ने एक–एक गोल दागे हैं। इस जीत से टीम का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है।

# भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : छठी विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही। भाजपा को 37.37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 प्रतिशत ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गई है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भाजपा विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए। सरकार बालू की नीलामी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक गृह निर्माण के लिए बालू फ्री किया जाए। बालू घाट लूटा जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है।

### बालू की कमी से राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप : मरांडी

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बालू की कमी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट कर कहा है कि झारखंड में बालू की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 444 बालू घाटों में से केवल 51 को स्वीकृति है और उनमें से भी केवल 24 से निकासी हो रही है। इस कारण राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। उन्होंने लिखा कि बालू की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। महज 10 दिनों में एक ट्रॉली बालू की कीमत में 12,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू 25 से 40 रुपये प्रति बोरी बिक रही है। इस कमी ने न सिर्फ अपार्टमेंट निर्माण, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी असर डाला है। उन्होंने आगे लिखा कि अगर यह संकट जल्द हल नहीं हुआ, तो राज्य में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य के लोगों को राहत मिले और निर्माण क्षेत्र फिर से पटरी पर लौट सके, इसके लिए जरूरी है कि बालू की कालाबाजारी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही बालू माफियाओं के खिलाफ ठोस और सख्त कदम उठाए जाएं।

## जनभावनाओं के अनुरूप सरकार काम करने के लिए संकल्पित : नमन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सरकार जनभावनाओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप काम करने के लिए संकल्पित है। सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर देने की घोषणा की है। महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही है। उन्होंने झारखंडी भाषाओं को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया। राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। दलितों-गरीबों के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। महिला समाज को सम्मान देने की बात कही गई है। राज्य के सभी वर्ग के लिए काम किया गया है। विधायक अरूप चर्जी ने सहारा में निवेश करने वालों के लिए बनाई गई योजना को सराहा। जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि 2020 में कई बातें आई थीं, उसका उत्तर नहीं मिला है। उस समय सभी भाषाओं के विकास के लिए आयोग बनाने की बात कही गई थी। अब मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक बोर्ड और उर्दू अकादमी की बाद कही गई। यह चिंता का विषय है। कुछ चीजें स्पष्ट नहीं हैं। केजी से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा की बात कही गई है। पर किसको मिलेगी यह भी स्पष्ट नहीं है। जमशेदपुर गारबेज से भरा हुआ है। आग लगी हुई है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मंईयां सम्मान योजना पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। राज्यपाल के अभिभाषण में गंभीरता नहीं है।

## 18-25 वर्ष की लड़कियों को आलसी बना रही हेमन्त सरकार : जयराम महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में जो बजट की राशि निर्धारित की जाती है, वह खर्च नहीं हो पाती है। ऐसे में फिर अनुपूरक बजट का क्या मतलब है।

जयराम महतो ने कहा कि पक्ष-विपक्ष ने बजट पर दिशाहीन मुद्दों पर चर्चा की। मैं ऐसी उम्मीद नहीं कर रहा था। डुमरी विधायक ने कहा कि सरकार 18 से 25 साल की उम्र की लड़कियों को 2500 रुपये प्रति माह देकर उन्हें आलसी बना रही है। यही राशि अगर सरकार उन्हें स्कॉलरशिप के रूप में देगी, तो उनका वास्तव में भला होगा। वे उन पैसों का इस्तेमाल सही रास्ते में करेंगी। इसके साथ ही जयराम ने कहा कि सदन में जितने भी माननीय हैं, उनके बच्चे कहां पढ़ते हैं इस बात की जांच होनी चाहिए। साथ ही इन्हें अपने टीए, डीए, भत्ता और बस, ट्रेन एवं अन्य मिलने वाली सुविधाओं का भी त्याग करना चाहिए। इस दौरान जयराम महतो ने जेपीएससी-सीजीएल मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सीजीएल मुद्दे पर सांच को आंच कैसा। सीजीएल में जांच करवाने में क्या जाता है। छात्र गड़बड़ी का प्रमाण दे रहे हैं। बावजूद इसके आयोग इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा है। जयराम ने आगे कहा कि छात्र के बीच पहाड़ आए, दरिया आए या कुछ भी आए, वो टकराएंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बलिदानियों का सम्मान होना चाहिए। आंदोलनकारी परिवारों को पांच फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। उद्योगों को दी गई खाली जमीन को वापस लिया जाना चाहिए।

## चेशायर होम रोड जमीन मामले में पूर्व डीसी छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





रांची : चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इससे पहले नौ दिसंबर को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। यह मामला रांची के बड़गाई अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़ा है। इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है।

### सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े मामले में छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज

रांची : सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व नौ दिसंबर को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज की है। इस मामले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## धान अधिप्राप्ति के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूरी : डीएसओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) प्रदीप भगत ने ओरमांझी एवं कांके प्रखंड में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने किसानों को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान बेचने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को बिचौलियों द्वारा दूसरे राज्यों में धान न बेचने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया। प्रदीप भगत ने किसानों को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300/- प्रति क्विंटल एवं बोनस 100/- रुपया प्रति क्विंटल अर्थात कुल 2400/- प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित है। कहा कि जिला प्रशासन द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। साथ ही जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किसानों को ससमय भुगतान करने के लिए भी सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हैं। प्रदीप भगत ने बताया कि किसान अपने धान 15 दिसंबर से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केन्द्र में बेच सकते हैं। बता दें कि रांची जिलान्तर्गत किसानों द्वारा कम मूल्य पर पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों के बिचौलियों को धान बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें


### अनुपूरक बजट में चुनावी वादों का जिक्र नहीं दिखा : पूर्णिमा दास



रांची : भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि चुनाव के दौरान जो लोगों से वादे किए गए थे, इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्णिमा दास साहू ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार बनते ही चुनावी वादों से मुकर जाते हैं।

### हेमलाल मुर्मू ने चम्पाई सोरेन पर कसा तंज





रांची : गुरुवार को विधानसभा सत्र का चौथा और आखिरी दिन है। आज जब लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने कहा कि चम्पाई सोरेन को पता नहीं कौन सा भूत लग गया था कि बीजेपी में चले गए। उन्होंने अपनी मिसाल देते हुए कहा कि बीजेपी में वो दस वर्ष रहे लेकिन सम्मान नहीं मिला। चम्पाई सोरेन की भी दस वर्षों बाद जेएमएम में वापसी होगी। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज पर से बीजेपी की पकड़ खत्म हो गई है। उन्होंने बीजेपी की गोगो दीदी योजना पर भी निशाना साधा और कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा इस योजना को पोटली में बांध कर गुवाहाटी ले गए। लिट्टीपाड़ा विधायक ने कल्पना सोरेन के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बीजेपी के कमल फूल की पखड़ियों को उड़ा दिया।

### नागपुरी काव्य संग्रह "पलाश कर फूल" का हुआ लोकार्पण



रांची : रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में प्रो केदार नाथ दास का लिखित नागपुरी काव्य संग्रह "पलाश कर फूल" का लोकार्पण सह कृति चर्चा का आयोजन गुरुवार को किया गया। विषय प्रवेश प्राध्यापक डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रीझू नायक और संचालन डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी ने कहा कि भाषा साहित्य समाज का आईना होता है। लेखक साहित्य को नई दिशा देने का काम किया है। नागपुरी भाषा में पुस्तकों की कमी रहती थी। इस भाषा को कोई महत्व नहीं दिया जाता था। नागपुरी को गंवारी भाषा कहा जाता था। आज पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन होने लगा है। आकाशवाणी-दूरदर्शन में स्थान दिया जाने लगा। लेखकों और विद्वानों ने नागपुरी भाषा को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ रिजवान अली ने कहा कि नागपुरी एक संपर्क भाषा है। यह सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। कविता संग्रह "पलाश कर फूल" की रचना कर नागपुरी समाज को एक तोहफा देने का काम किया गया है। लेखक अपने जीवन के अनुभव, संघर्ष एवं सुख दुख को एक जगह समेटने का कार्य किया है। मेजर डॉ महेश्वर सारंगी ने कृति चर्चा करते हुए कहा कि नागपुरी में गीत लिखने की परंपरा रहती थी। यह नागपुरी समाज के लिए अच्छा संकेत है। कवि ने समाज में जो देखा, सुना और भोगा है। उसी को कलमबद्ध किया है। यह कविता साहित्य समाज को प्रभावित करती है। रचनाकार लेखक प्रो केदार नाथ दास ने कहा कि कविता संग्रह में अपने जीवन की अनुभवों को समाज के सामने साहित्य के रूप में रखने का प्रयास किया है। किसी व्यक्ति अथवा समाज को खत्म करना है तो उसकी भाषा संस्कृति को खत्म कर दें। वह स्वतः खत्म हो जायेगा। कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा में साहित्य रचने व गढ़ने की आवश्यकता है। तभी हम और हमारा अस्तित्व बच पायेगा। विभाग के छात्र अशोक कुमार ने 'पहचान' शीर्षक कविता प्रस्तुत किया। मौके पर प्राध्यापक बन्धु भगत, मनय मुण्डा, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ कुमारी शशि, डॉ अर्चना कुमारी, महामनी कुमारी, डॉ अनुपमा मिश्रा, डॉ दिनेश कुमार, डॉ सरस्वती गागराई, डॉ बन्दे खलखो, अनुराधा मुण्डु, डॉ करम सिंह मुण्डा, डॉ नकुल कुमार, रवि कुमार, विक्की मिंज, निलोफर, जलेश्वर, बुढ़ेश्वर, सूरज, संजय, पंकज, अभिजीत, सोनू, नमिता, सीमा, पूनम, ऊषा व आकाश मौजूद थे।

### 16वीं झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप आज से



रांची : 16वीं झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल को दी गई है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन ने झारखंड तलवारबाजी संघ का आभार व्यक्त किया है। राजधानी के दल्लादली के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय 16वां झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2024–25 संपन्न होगा। चैंपियनशिप का आगाज 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगा। 15 दिसंबर को सेमीफाइनल और फाइनल प्रतियोगिता होगी और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को स्कूल प्रबंधन, रांची जिला तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों और राज्य भर से आए तकनीकी पदाधिकारी के टेक्निकल डायरेक्टर के साथ संयुक्त बैठक संपन्न हुई। वहीं राज्य संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता से चुने गए सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। 13 दिसम्बर को राज्य भर के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक प्रतिभागी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। जिसकी तैयारी पूरी की जा रही है। चैम्पियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह विद्यालय के चेयरमैन डॉ माजिद आलम करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रिंसिपल मंजू बग्गा मौजूद होंगी। विद्यालय के प्रबंधक प्रणय कुमार ने कहा कि हमारे स्कूल के लिए अत्यंत ही हर्ष एवं सौभाग्य का विषय है कि राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता का आतिथ्य करने का शुभ अवसर हमारे विद्यालय को प्राप्त हुआ है। जय ने कहा कि निश्चित रूप से विद्यालय के समस्त शिक्षकों के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम अपना शत प्रतिशत देने को तैयार हैं। इस प्रतियोगिता से संबंधित सभी प्रकार की तैयारियां स्कूल प्रबंधन, रांची जिला संघ एवं विद्यालय के द्वारा निरंतर की जा रही है। प्रबंधन के साथ साथ विद्यालय पूर्णतः इस विधि व्यवस्था को लेकर सजग है। बैठक में मुख्य रूप से राज्य संघ के कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव, स्कूल प्रबंधक प्रणय कुमार, चीफ रेफरी रामाशीष सिंह, रवि रंजन, प्रेम उदय बेक, अभिजीत तिर्की सहित राज्य संघ के सभी संक्रिय पदाधिकारी मौजूद थे।

# जीवन की प्रारंभिक अवस्था में ही लक्ष्य निर्धारित करने से लक्ष्य की प्राप्ति होती है : सैयद रियाज अहमद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : जीवन में सफलता पाने के लिए हमे अपनी प्रारंभिक आयु में ही अपने लक्ष्य तय कर लेना चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को एक स्पष्ट दिशा और उद्देश्य दे सकते हैं। प्रारंभिक आयु में हमें अपने सपनों, आकांक्षाओं और इच्छाओं को पहचानने का समय मिलता है और इसे स्पष्ट रूप से लक्ष्य में बदलने से हम अपने प्रयासों को सही दिशा में केंद्रित कर सकते हैं ये बातें झारखण्ड गवर्नमेंट टूल रूम में आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सैयद रियाज अहमद डायरेक्टर टेक्निकल उच्च एवं तकनीकी विभाग ने छात्रों की बीच में कही। प्रमाणपत्र वितरण समारोह में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं बेसिक कंप्यूटर एंड इन्टरनेट विथ फोटोशोप के25 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इससे पहले टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि सैयद रियाज अहमद का स्वागत पुष्प गुछ देकर किया गया एवं उन्हें टूल रूम का भ्रमणकराया गया मुख्य अतिथि ने टूल रूम में मौजूद संसाधनों की तारीफ की एवं कहा की हमारे शहर में ऐसे संस्थान का होना हमारे लिए गर्व की बात है। टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि यह प्रमाणपत्र उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने किया, जबकि समापन भाषण टूल रूम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने दिया। समारोह के अंत में, टूल रूम के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टूल रूम के फेकल्टीज पूर्णेन्दु पंकज, नम्रता कुमारी एवं अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### अज्ञात युवक की गोली मारकर हत्या

**धनबाद :** धनबाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है ।बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी जाने वाले रास्ते में कंचन टॉकीज के समीप युवक का शव गुरुवार को बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद बरवाअड्डा थाना के प्रभार में चल रहे सब इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। बरवाअड्डा थाना प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक शव पाया गया है, लेकिन शव की शिनाख्त अबतक नहीं हो सकी है। आसपास के लोग शव को नहीं पहचान रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया गोली लगने से मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। मृत युवक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है। उसके शरीर पर एक गोली लगने का निशान दिखाई दे रहा है। वहीं, पास से एक खोखा भी बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल पर जांच शुरू कर दी गई है। सभी थाना को भी घटना को लेकर सूचित कर दिया गया है। साथ ही शव की शिनाख्त के लिए कोशिश जारी है।

### तंबाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**बोकारो :** गुरुवार को केन्द्रीय विद्यालय-3 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार के द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया। जिला परामर्शी ने बच्चों को अपने चर्चा के दौरान बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिन्ता, नींद न आना, चिडचिडापन एवं अवसाद जैसे गम्भी समस्यायें हो सकती हैं। जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि आप तम्बाकू का सेवन करते है या आपके आसपास कोई सेवन करता है और वह तम्बाकू के लत को छोडना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नही छोड पाता है तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं0 ओ0पी0डी0 में भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुडाने में मदद की जा सके। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया तम्बाकू को एक लाईन में परिभाषित करें तो तम्बाकू का मतलब बीमारियों बीमारियों का भण्डारा। चाहे आप इसे धुएं के शकल में लें या चबाकर खाये। यह मानव शरीर में जाकर विभिन्न प्रकार के बीमारियों को उत्पन्न करता है और फिर उस बीमारी से लोगों की मौत हो जाती है।

### युवक की गोली मारकर हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कंचन टॉकीज के पास गुरुवार को अहले सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। शव की स्थिति और बरामद वस्तुओं को देखते हुए पुलिस इस मामले को गंभीरता से जांच रही है। ऐसी आशंका जताया जा रहा है कि अपराधी पहले युवक का अपहरण किया होगा और फिर उसे गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैऔर इस हत्याकांड के पीछे की वजह और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। वहीं युवक का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# पानी के बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं नई दिल्ली के निवासी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के नई दिल्ली मुहल्ले वार्ड नं 33 में करीबन 1000 घरों में करीबन दस हजार के आबादी वाले क्षेत्र में करीबन 6800 वोटर है यह क्षेत्र नगर निगम बार्ड नंबर 33 में आता है। यहां से पूर्व सांसद का घर करीबन 500 मीटर है तीन बार सांसद रहने के बाद भी यहां के लोगो के लिए कभी पीने के पानी लोगो को उपलब्ध नहीं करवा पाए , यहां के लोगो को जल, रोड, और गनदकी कि सफाई करवाने में सांसद विधायक सभी सिर्फ प्रोत्साहन ही देते रहे है कभी लोगो के समस्या सुलझाने का प्रयास नहीं किया गया यहां तक पार्षद भी यहां के लोगो सिर्फ वोट बैंक के लिए ही युज करते रहे है ,कभी भीड़ खड़ा करना हो तो यहां के लोगों उपयोग कर लिया करते है सिर्फ एक हि लालच देते है कि जलद ही आप लोगो को पानी का व्यवस्था करवाए जाएंगे मगर अक्सर विधयक सांसद द्वारा लोग ठगे जाते रहे हैं । और तो और यहां के लोगों के लिए एक मात्र सहारा यहां के एक पोखरिया छठ तलाब था जिसमे धनसार नई दिल्ली मूहल्ला से ले कर मटकुरिया तक के लोगों का भी नहाने और धोने का व्यवस्था है मगर बीसीसीएल के लोगो द्वारा खाद से आने वाला पानी के स्त्रोत को बन्द करवा दिया गया। दरअसल इसमें बीसीसीएल के अधिकारियों और आउट सोर्सिंग कम्पनी के मिली भगत से पानी सुखा कर तलाब भर कर यहां के लोगों को भगाने कि तैयारी किया जा रहा है। जिसमे यहां के लोकल दबंग नेता शामिल है। जो लोगों को सिर्फ पानी बिजली और सफाई के नाम पर धोखा दे रहे हैं। यहां तक कि जो लोग नेताओ के साथ नहीं देते हैं उनके दरवाजे की गंदकी नगर निगम के द्वारा साफ सफाई नहीं करबाया जाता है। यहाँ कईं वार पार्षद एवं मेयर पूर्व सांसद विधायक सभी कों मौखिक एवं लिखित कम्प्लेंन भी किया मगर कोई कार्यवाही नही हुई पानी के एक एक बूँद के लिए हम लोग तरसते रहें आज से लगभग दो साल पहले ताइक्वांडो के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आचार्य कमलेश कुमार पांडेय द्वारा मेयर साहब कों भी यहां के वस्तु स्तिथि से अवगत करवाया फिर पाईप लाईन का काम मटकुरिया चेक पोस्ट 14 दिसम्बर 2022 से शुरू हुआ मगर पाईप लाईन का काम शुरू हो कर आचार्य कमलेश कुमार पांडेय के घर तक हो कर आगे अधूरा छोड़ दिया गया तथा जल संचालन कार्य प्रारमभ नहीं हो सका और आधे रास्ते कों गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया एवं कहीं कहीं कुछ पाईप बिछा कर छोड़ दिया गया एवं कार्य रोक दिया गया साथ हीं पूरे एरिया में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है कोई सफाई करने बाला यहाँ नही आता है।

## एडीएम के नेतृत्व में टीम ने किया वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम ने नया बाजार से धनसार चौक तक सड़क का निरीक्षण किया। इस संदर्भ में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मती के लिए फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर आज अधिकारियों की टीम के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया। टीम ने नया बाजार से बैंक मोड, बैंक मोड़ से धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर वाले मार्ग, बरमसिया मोड़, डेमियन सोशल वेलफेयर मोड़ तक मार्ग का निरीक्षण किया। वहां से पुनः टीम ने मनईटांड होते हुए हावड़ा मोटर तथा हावड़ा मोटर चौराहे से शक्ति पथ होते हुए धनसार चौक तक वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों के सुगम आवागमन के लिए विचार विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार, तथा ठेकेदार संजय गोटीवाले सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## तिब्बती युवा कांग्रेस की अखिल भारतीय बाइक रैली पहुंची धनबाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** तिब्बती युवा कांग्रेस द्वारा 22 को अरुणाचल प्रदेश के भारत-तिब्बत सीमा बुमला दर्रे से आरंभ की गई बाइक रैली गुरुवार को पार्क मार्केट स्थित तिब्बतियों के लहासा मार्केट पहुंची। जहां लहासा मार्केट के अध्यक्ष नमगयाल वांगचुक समेत अन्य तिब्बतियों ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए टीवाईसी के संयुक्त शेरिंग सचिव शेरिंग कॉम्पहेल ने बताया कि यह रैली भारत के 10 से अधिक राज्र्यो में पंद्रह हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रैली के दौरान प्रतिभागी संसद सदस्य, विधान सभा सदस्य, तिब्बत समर्थक समूह और मीडिया से मुलाकात करेंगे। साथ ही भारतीय जनता को तिब्बत में आने वाली गंभीर समस्याओं के बारे में जागरूक करेंगे। इस रैली का मुख्य उद्देश्य चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा तिब्बत में की जा रही क्रूरताओं को उजागर करना और उसके छह दशकों से चले आ रहे अवैध शासन का विरोध करना है। हमारा लक्ष्य तिब्बत में सांस्कृतिक नरसंहार की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का तत्काल ध्यान आकर्षित करना है जहां चीन द्वारा तिब्बती संस्कृति और पहचान को व्यवस्थित रूप से मिटाने कि कठोर नीतियां लागू कर रहा है। इन नीतियों में तिब्बती बच्चों को औपनिवेशिक शैली के बोर्डिंग स्कूलों में जबरन दाखिल करना, तिब्बती संस्कृति से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का सीमित करना, और तिब्बती आषा को संरक्षित करने का प्रयास करने वाले शिक्षकों और व्यक्तियों को कैद करना इत्यादि। इसके अतिरिक्त तिब्बती स्कूलों और मठों को जबरन बंद करना जो कि तिब्बती संस्कृति, भाषा और आध्यात्मिक तिरासत के संरक्षण के लिए एक बड़ा खतरा है। अधिकारों कि यह उल्लंघन तिब्बती पहचान को दबाने के लिए चीनी सरकार के निरंतर प्रयासों का एक स्पष्ट संकेत है।

## एडीएम लॉ एंड आर्डर ने की पीएम विश्वकर्मा पीएम-एफएमई एवं डीएलईपीसी की बैठक





त्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत शिल्पकारों एवं कारीगरों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु आर्टिजनों का वेरिफिकेशन एवं योजना की समीक्षा संबंधी बैठक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के कार्यान्वयन हेतु समीक्षा बैठक एवं जिला स्तरीय निर्यात्त संवर्धन समिति के सदस्यों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में कई गई। इस दौरान बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर नें निर्धारित गाइडलाइंस के तहत कार्य करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम विश्वकर्मा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना से अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को सीधे लाभ होगा। साथ ही पारंपरिक और विरासत शिल्प के संरक्षण में योगदान देने वाले कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन में बदलाव आएगा। यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देने में सक्षम बनाएगी। जिससे वे योजना के तहत लाभ उठाने के पात्र बन जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम लॉ एंड आर्डर ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी डीआरपी को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान समय में लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें योजना की सम्पूर्ण जानकारी देने का निर्देश डीसी ने दिया।

## दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** गुरुवार को बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल-4 में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 12-13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 17 अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में M/s ASK-EHS के द्वारा बी एस एल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एस. सरतपे तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक डी.आर. टोप्पो उपस्थित रहीं। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एस.के.डी. भौमिक, कनिय प्रबंधक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य महाप्रबंधक एस. सरतपे ने कार्यक्रम की औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें. महाप्रबंधक डी.आर. टोप्पो ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और सयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, और इंस्ट्रक्टर श्री अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 14 को 10 केंद्रों पर 3949 अभ्यर्थी देंगे सीटीईटी की परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आगामी 14 दिसंबर, दिन- शनिवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न जगहों से आनेवाले कुल 3949 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पेपर-1 दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक और पेपर-2 सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। यानी दोनों ही पेपर ढाई-ढाई घंटे के होंगे। गुरुवार को इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पूर्ण कदाचारमुक्त व सफल आयोजन की पुख्ता तैयारियां की गई हैं। शुक्रवार को परीक्षा से एक दिन पूर्व 13 दिसंबर को डीपीएस बोकारो में सीटीईटी के लिए अधिकृत बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की बैठक होगी। इस बैठक में परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी। जिन 10 केंद्रों पर सीटीईटी की परीक्षा होनी है, उनमें पहली पाली में डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361, जबकि अन्य नौ केंद्रों - चिन्मय विद्यालय बोकारो, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर- 4, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, जीजीपीएस सेक्टर-5, जीजीपीएस चास, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, प्रत्येक में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं, दूसरी पाली में चिन्मय विद्यालय में 300, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 227 और डीपीएस बोकारो सेक्टर- 4 में 361 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। डॉ. गंगवार ने बताया कि सीटीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है। इसमें पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं, वहीं दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए अप्लाई करते हैं। दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं। पेपर- 1 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र लैंग्वेज-1 व लैंग्वेज- 2 तथा गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। जबकि, पेपर- 2 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र भाषा- 1 व भाषा- 2 एवं विज्ञान तथा सोशल स्टडीज/सोशल साइंस विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीईओ को छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में हो रही समस्याओं से कराया अवगत



**धनबाद :** गुरुवार को मध्य विद्यालय खरिकाबाद के विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्रामीणों व ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय धनबाद में जिला शिक्षा अधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार से मिलकर मध्य विद्यालय खरिकाबाद के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हो रही समस्याओं को अवगत कराया गया। उपस्थित बहनों द्वारा कहा गया कि विद्यालय में कुल छात्रों की संख्या 225 से अधिक है,कुल तीन शिक्षक कार्यरत है जिसमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो शिक्षक वर्ग का संचालन करते है जिसके कारण पठन-पाठन के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा आश्वाशन दिया गया कि तत्काल एक शिक्षक विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी तथा फरवरी-मार्च में सभी विद्यालयों शिक्षकों की कमी की पूर्ति कर दी जाएगी। इस अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत तथा विद्यालय परिवार के रूबी देवी,रिंकू देवी,राजकुमारी देवी,पूजा देवी,उमा देवी, ममता देवी, कविता देवी। गुड़िया देवी आदि लोग मौजूद थे।

### झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने विधायक को किया सम्मानित




**धनबाद :** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को रांची क्रिकेट स्टेडियम में झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को सम्मानित किया गया। जेएससीए के पदाधिकारियों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह को पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारीगणों का आभार जताया। मौके पर मुख्य रूप से रंजीत सिंह, राजकुमार,पंकज सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह,एसबी सिंह, बिष्णु गुप्ता, आनंद सिंह,सौरव सिंह, संदीप कुमार सिंह, बबलू, सुनील कुमार, कमलेश कुमार सिंह,रवि प्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी दिवस मनाया गया



**बोकारो :** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी दिवस मनाया गया ककार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के जिला संयोजक प्रमोद सिन्हा ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन के अनसुने गुमनाम नायक बाबू गेनू सैद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी के नाम पर पहले शहीद जिन्होंने विदेशी कपड़ों को भारतीय बाजार में प्रवेश रोकने के लिए अपनी जान न्योछावर किया क बाबू गेनू के बलिदान दिवस को मंच पुरे देश में स्वदेशी दिवस के रुप में मना रही है। क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय और सरदार पटेल जैसे महानायकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता लेकिन इस संग्राम के कई गुमनाम पैदल सैनिक भी थे, जिन्होंने बिना किसी प्रसिद्धि की चाहत के, अपने जीवन का बलिदान दिया। इन्हीं में से एक थे मुंबई के एक सूती मिल मजदूर, बाबू गेनू सैद। आज उनकी 91वीं पुण्यतिथि है। बाबू गेनू का जन्म 1 जनवरी 1908 को पुणे के महांनगुले गांव के एक गरीब परिवार में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा केवल चौथी कक्षा तक प्राप्त करने के बाद, उनका बचपन आर्थिक तंगी और संघर्ष में बीता। पिता की असमय मृत्यु के बाद, परिवार का बोझ उनकी मां पर आ गया। बालक बाबू गेनु ने मिल मजदूर बनकर अपनी मां का सहारा बनने की ठानी। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित बाबू गेनू ने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और स्वदेशी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 12 दिसंबर 1930 को, उन्होंने मुंबई की सड़कों पर विदेशी कपड़ों के ट्रक को रोकने का प्रयास किया।

### स्टील प्लांट में चैंपियंस ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**बोकारो :** स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स की तरफ से आयोजित स्टील चैंपियंस ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में 36 लीग मैचों की समाप्ति के बाद 12 टीमें टूर्नामेंट से बाहर हुईं और आज से सुपर 12 के मैचों की शुरूआत हुई। बीडीआईयू के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि इस टूर्नामेंट में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों से कुल 24 विभागीय टीमें भाग ले रही हैं। हर दिन 4 मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस पूरे टूर्नामेंट में कुल 36 लीग चरण के मैच, सुपर-12 में 12 मैच, सेमीफाइनल में 2 मैच और आखिरी में फाइनल के एक मैच होने हैं। इस तरह से कुल 54 मैच होंगे। आज के सुपर 12 श्रृंखला का पहला मैच एच आर डी 2 और एसीवीएस के बीच में खेला गया जिसमें एचआरडी 2 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाया उसके जवाब में एसीवीएस की टीम ने केवल 61 रन बनाए और इस मैच में एचआरडी 2 ने 57 रनों से विजय प्राप्त की उसके बाद दूसरा मैच कोक ओवन और ब्लास्ट फर्नेस 2 के बीच खेला गया जिसमें कोक ओवन की टीम ने साथ विकेट के नुकसान पर 140 रनों का पहाड़ खड़ा किया उसके जवाब में ब्लास्ट फर्नेस की टीम मात्र 84 रनों रन ही बना पाई इस मैच को कोक ओवन ने 56 रनों से जीत लिया उसके बाद तीसरा मैच बीपीएसीएल और एच आर डी 1 के बीच में खेला गया जिसमें बीसीसीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 रन का लक्ष्य दिया जिसको एचआरडी वन ने 7 विकेट से जीत लिया उसके बाद चौथा मैच एसएमएस 2 और एच एस एम के बीच में खेला गया जिसमें एसएमएस 2 ने 80 रनों का लक्ष्य दिया।

# ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहे थे पांडे गिरोह के सदस्य, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में पांडे गिरोह लगातार ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहा था। पांडे गिरोह के नाम पर ठेकेदारों को लगातार फोन किया जा रहा था। भारतमाला प्रोजेक्ट के अलावा अन्य निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता से पांडे गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने इस मामले की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ शहर के दुसाध मोहल्ला निवासी विक्की कुमार पासवान, प्रीतम कुमार, अनिकेत उर्फ बिल्ला और झंडा चौक निवासी बैजू शाह उर्फ बैजू कुमार साहू शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किया है। साथ ही कांड को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त की गई बुलेट मोटरसाइकिल (जेएच 24 जे 7488 )और स्कूटी (जेएच 02 एआर 8776) जब्त किया गया है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ जिले के विभिन्न इलाकों में पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के इशारे पर अपराधी सक्रिय थे। विक्की, प्रीतम, अनिकेत और बैजू रजरप्पा थाना क्षेत्र और पतरातू प्रखंड क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन के काम में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को फोन कर रहे थे। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने गुप्त सूचना के आधार पर इन चारों अपराधियों को दुलमी प्रखंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। यह चारों अपराधी दुलमी प्रखंड क्षेत्र में हिंसक कार्रवाई को अंजाम देने के लिए एक साथ जुटे हुए थे। रजरप्पा थाना प्रभारी ने वहां छापेमारी की और तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें विक्की, प्रीतम और अनिकेत शामिल थे। इसके बाद 3 वर्षों से फरार बैजू साहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोलकाता से बनारस तक बन रही भारत माला प्रोजेक्ट में छत्तीसगढ़ की कंपनी कम कर रही है। इस कंपनी के प्रतिनिधि से रंगदारी पांडे गिरोह के द्वारा मांगी जा रही थी। नवंबर में माह में भी इस कंपनी को फोन किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने रजरप्पा थाना क्षेत्र में कांड संख्या 178/24 दर्ज कराया था। दोबारा जब 10 दिसंबर को कंपनी के प्रतिनिधियों को रंगदारी के लिए फोन किया गया तो उस मामले में भी कांड संख्या 195 / 24 दर्ज हुआ था। इससे पहले भी बरकाकाना ओपी क्षेत्र में 179/ 24 और रजरप्पा थाना क्षेत्र में 89 / 21 कांड संख्या दर्ज है।

## पशुधन योजना के नाम पर हो रही है सरकारी पैसे की गड़बड़ी



**कुकड़ू:** सरायकेला जिला के कुकड़ू प्रखण्ड कार्यालय के समीप आज सुकर का वितरण किया गया। जिसमें पांच लाभुकों के बीच पच्चीस सुकर का वितरण किया गया। एक यूनिट में एक नर और चार मादा सुकर दिया गया। आपको बता दे कि एक यूनिट की राशि 34000 रु है। और जो सुकर दिया रहा है सारे बहुत ही छोटे है जिसकी आयु एक महीने से ज्यादा की नहीं है अगर बाजार मूल्य देखा जाए तो एक का कीमत 2 हजार के आस पास होगी यानी एक यूनिट की कीमत 10 से 12 हजार ही होगी, ओर सरकार की ओर से एक यूनिट के लिए 34 हजार ओर इंश्योरेंस की राशि अगर मिला दी जाती है तो कुल राशि 44 हजार दी जा रही है। जो लाभुक मुंह खोलेंगे उसको लाभ से वंचित कर दिया जाएगा इसी डर से या सब्सिडी के कारण चुप है।ये जांच का विषय है कि बाकी पैसे का बंदरबांट कैसे हो रहा है।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रोफेसर कॉलोनी जाकर लिया जायजा



**बरहरवा:** प्रखंड में जल जमाव की समस्या को बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने गुरुवार को वार्ड संख्या 2 का दौरा कर वहां पर हो रहे जल जमाव के समस्या से अवगत हुए। जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार अपने पूरे टीम के साथ प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचकर स्थल का जायजा लिया,तथा जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार को निर्देश दिया कि सड़क एवं नाली का मापी करके सही तरीके से प्राक्कलन तैयार करे,जिससे भविष्य में सड़क के ऊपर जल जमा ना हो तथा जल जमाव की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके। इससे पहले भी बरहरवा के हरिजनपाड़ा में जल जमाव की समस्या एवं नाला की सफाई को लेकर हरिजन पाड़ा के लोगों ने विधायक प्रतिनिधि से मिलकर नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता को आवेदन दिया था इसके बाद नाला की सफाई की गई थी। सवाल यह उठता है कि क्या नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे जल जमाओं की समस्या नाले में कचरा भरा होने की जानकारी क्या नगर पंचायत प्रशासन को नहीं है। और फिर यदि है तो आखिर नगर पंचायत प्रशासन क्यों अपने स्तर से अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं और नेताओं को उनके कार्य का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मौके पर सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनवाज नासीर, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, सिटी मैनेजर देव, जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार, रवि उरांव, अंकित कुमार, टैक्स दरोगा मुकेश कुमार, रणजीत टुडू, मौजुद थे।

## कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष ने बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के समक्ष समस्याओं को किया पेश

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर के आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष समीम मंसूरी ने बरहरवा बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के समक्ष समस्याओं को पेश किया। जिसमे मुख्य रूप से पानी की समस्या को लेकर बात की और साथ ही पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को पानी से संबंधित समस्याओं को उजागर किया और जल्द मामले के समाधान की बात कही। वहीं मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित अन्य और भी समस्याओं से अवगत करवाया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बातों पर गौर किया और जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया है।

## जलमीनार को ग्रामीणों के सहयोग से कराया गया साफ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू :** कुकड़ू प्रखंड के खुदिलोंग गांव के उपर टोला की 2000 लीटर का जलमीनार को ग्रामीण के सहयोग से साफ सफाई की गयी, जलमिनार की टंकी गंदा होने से जलमीनार में छोटे छोटे कीटाणु निकल रहें थे,इसे देखते हुए बुधवार को ग्रामीण मंगल चंन्द्र महतो ने गांव का दो छात्र संदीप महतो और सनातन महतो को साथ में लेकर टंकी सफाई की गयी, ग्रामीण महतो जी ने बताया कि सरकार द्वारा गांव गांव में ग्रामीणों के पेयजल सुविधा के लिए सोलर टंकी द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है, टंकी गंदा होने के कारण ग्रामीणो को गंदा पानी पिना पड़ रहा था, उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाकी लोग भी अपने गांव मोहल्ले में लगी टंकी को बीच बीच में साफ सफाई करते रहे।

## झारखंड में बालू घाटों की नीलामी शीघ्र करे सरकार : मुस्तफा अंसारी



**अनगड़ा:** रांची जिला समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी ने झारखंड सरकार से मांग करती हैं कि रांची जिला अन्तर्गत 19 बालू घाटों का नीलामी नहीं करने से आए दिन अनावश्यक रूप से गाड़ियां पकड़ी जा रही है गाड़ी मालिक केश मुकदमे में काफी परेशान हो रहे हैं अगर बालू घाट नीलामी होती है तो इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी बालू घाट में लगे मजदूरों का रोजगार मिलेगा विकास का काम आगे बढ़ेगा क्योंकि बालू नहीं मिलने के कारण बुआ आवास अधूरा पड़ा हुआ है।

## चाचा ने 4 साल की भतीजी को हथियार से वार कर किया घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत पेटखसा के रहने वाले 4 साल की बच्ची को धारदार हसवा से वार कर घायल कर दिया। वहीं घायल बच्ची के पिता जितेंद्र बागती से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी 4 साल की बेटी अनुष्का कुमारी को 4:00 बजे के करीब अपने ही चाचा शक्ति बागती ने धारदार सब्जी काटने वाला हसवा से गर्दन और कान के पास वार कर दिया और वह मूर्छित होकर लहू लोहान जमीन पर गिर कर बेहोश हो गई। घायल बच्ची की पिता ने बताया कि मेरे भाई शक्ति बागती पहले भी तीन से चार बार दिमागी संतुलन खोने से मेरी बेटी को मारा है। और मेरे भाई का दिमागी संतुलन पहले से ठीक नहीं है। इस घटना की सूचना परिजनों ने बरहेट थाना को दिया सूचना मिलते ही बरहेट थाना दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बच्ची को अपने कब्जे में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराकर बेहतर इलाज के लिए बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां सदर अस्पताल साहिबगंज में ड्यूटी पर तैनात केशव कृष्णा इलाज में तुरंत लग गए अभी बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


# उपायुक्त ने किया उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी - सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम भवन का पूर्ण जायजा लिया गया। वहीं उपायुक्त ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम में दायर मामले के विषय में जानकारी ली। बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण फोरम में लंबित 140 दायर मामले हैं वहीं उपायुक्त ने सभी मामलों को तत्वरित निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर प्रिति कुमारी सदस्य, काजल कुमार दत्ता कार्यालय सहायक एवं अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने दिव्यांगों को दिये ट्राई साइकिल



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया। समहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों देर शाम समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बताया गया कि जिला में 300 से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण का लक्ष्य है। मौके पर सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा अनिल कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल



**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकंडा के रहने वाले एक युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल युवक गोविंद कुमार साह उम्र 25 वर्षीय पिता शंकर साह सरकंडा के रहने वाले ने बताया कि बुधवरिया में साढे पांच बजे शाम में मोटरसाइकिल से जा रहे थे, इसी दौरान अचानक बकरी मोटरसाइकिल के सामने आ गया बकरी को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जहां घायल युवक को सर व दाहिना पैर में और पूरे शरीर में गंभीर चोट लगा है। जहां घायल युवक के परिजनों ने रात्रि 9:30 बजे सदर अस्पताल साहिबगंज उपचार के लिए लाया गया,युवक का उपचार होने के बाद स्थिति ठीक है।

## सदर अस्पताल में मरीजों के बेड पर नहीं दिए जाते हैं चादर तथा कंबल

**बोकारो :** सदर अस्पताल के प्रबंधन की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। जहाँ घने कोहरे तथा बढे ठंड मे भी मरीजों को उनके बेड पर चादर तथा ओढ़ने के लिए कंबल नहीं दिए जा रहे है। जबकि अस्पताल मे कम्बल तथा बेडशिट पर्याप्त है। मरीजों की माने तो वे एक महीने से भर्ती है उन्हें कम्बल तक नहीं दिया गया है। इस बाबत पूछे जाने पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि चादर, बेडशीट, कम्बल पर्याप्त है, एक मरीज को तीन कम्बल भी देने का निर्देश दिया गया है, क्यों नहीं मरीजों को दिया जा रहा है।

**Government of Jharkhand**
**Department of Forest, Environment & Climate Change**
**Office of the Conservator of Forest, Plantation, Research & Evaluation, Jharkhand, Ranchi.**
Van Bhawan, Doranda, Ranchi- 834002 e-mail: cf-plantation@gov.in

**Advertisement No. :-R-1/2024-25**
**WALK-IN-INTERVIEW**

Eligible Candidates may appear in a Walk-in-Interview on 23.12.2024 at 11:00 AM for temporary position of Three posts of Senior Research Fellows (Senior Project Associate), Two posts of Junior Project Fellows (Project Associates), Two posts of Project Assistants (Field Assistants) & Two posts of Field workers in "The Office of Plantation, Research & Evaluation, Block-B, Van Bhawan, Doranda, Ranchi-834002 (Jharkhand)" The details of advertisement like, essential qualification, salary, place of posting etc, can be downloaded from the website https://forest.jharkhand.gov.in/.

Sd/-
Conservator of Forest &
State Silviculturist, Jharkhand, Ranchi.

PR.NO.341857 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

राज्य मनरेगा कोषांग अन्तर्गत संविदा आधारित विभिन्न पदों यथा – विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी), कार्यपालक अभियंता, राज्य MIS नोडल पदाधिकारी, वरीय लेखा पदाधिकारी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी एवं सहायक वन संरक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु PR No.- 276899 दिनांक 03.09.2022 एवं PR No.- 277061 दिनांक 06.09.2022 के द्वारा विज्ञापन का प्रकाशन कर दिनांक 30.09.2022 तक Offline आवेदन आमंत्रित की गई थी।

उक्त विज्ञापन में वरीय लेखा पदाधिकारी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता के पद पर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। शेष तीन पद यथा विशेष कार्य पदाधिकारी, राज्य MIS नोडल पदाधिकारी एवं सहायक वन संरक्षक के पद पर नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जाएगी।

(अरूण कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

PR 341795 Rural Development (24-25)_D

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**
**दुकान आवंटन हेतु सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित दुकान संख्या– 05 एवं 06 के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक– 19.12.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–21.12.2024 के अपराह्न 03:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोटः– दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 341819 Lohardaga(24-25)D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –21/2024–25**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 18.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 19.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.12.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor (Left Side) Boy's Hostel No-07 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1340599.00 | 27000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Renovation of Mess & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Boy's Hostel No-07 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1561549.00 | 32000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Boy's Hostel No-02 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1688351.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट्ट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा, राँची।

PR 341836 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

**DIRECTORATE OF HANDLOOM, SERICULTURE AND HANDICRAFTS**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**(3rd Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834002)**

**Memo No.1224Ranchi/Dated:- 06.12.2024**

**Notice Inviting e-Tender(NIT) for Selection of Consultancy agency to work asProject Management Unit**

The Directorate of Handloom, Sericulture And Handicrafts, Government of Jharkhand, Ranchi invites Technical and Financial Proposal (Online e-Tender through website https://jharkhand tenders.gov.in/nicgep/app) for Selection of agency to work as Project Management Unit at Directorate of Handloom, Sericulture and Handicrafts, Government of Jharkhand. The important dates and information are mentioned below:-

| Sl.No. | Activity Description | Tentative date |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | No. 1224 |
| 2 | Name of the Work | Selection of Consultancy Agency to work as Project Management Unit in Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft, Industry Department, Government of Jharkhand |
| 3 | Name & address of the issuer of this e-tender | Director, Directorate of Handloom, Sericulture and Handloom, Udyog Bhawan, 3rd floor, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand – 834001 |
| 4 | Date of Issue of e -tender | Start Date-06.12.2024 Closing Date: 23.12.2024 till 3:00 PM IST The tender document can be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in |
| 5 | Time and last date of submitting e-Tender/Bid | 23.12.2024till 3:00 P.M • Online Technical and Financial Proposal Submission: scanned copy of Technical and Financial Proposal, shall be submitted in the PDF files through https://jharkhandtenders.gov.in portal by 15:00 hours on 23.12.2024 |
| | Pre-bid meeting | Will be notified. |
| | Technical Proposal Opening | 24.12.2024 at04:00 PM |
| 6 | Services to be offered | Personnel for Project Management Unit - 06 • Marketing Expert cum Team Leader- 01 • Project Management Expert ( Sericulture) -02 • Project management Expert ( Handloom and Handicrafts) -01 • Marketing Expert cum Team Leader -01 • Project Management Expert -01 |
| 7 | Amount of EMD to be deposited | Rs. 5,00,000/- (Rupees Five lakhs only) in form of Bank Guarantee deposited online or submitted in form of Demand Draft Payable to Deputy Director, Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft, Ranchi must be submitted at DHSH Office before opening of Technical Bid. |
| | Performance Bank Guarantee | 5% of the fees of the selected bidder. |
| 8 | Validity of bid | 90 days |
| 9 | Duration of Contract | 03 year from the date of award of contract. However, the same may be further extended for next 01 year or part thereof on same terms and conditions on mutually agreed basis. |
| 10 | Technical Presentation | Technical Presentation if required would be scheduled for all eligible bidders through Power Point Presentation. Date shall be intimated through email. The schedule would be notified two days in advance. |
| 11 | Helpline and e-mail id for submission Bid Query | 0651-2281111 Email id- jdsericulture@gmail.com |

**Note :**
- Directorate of Handloom, sericulture and Handicraft, Industry Department, Government of Jharkhand reserve the right to change any schedule of bidding process.
- Directorate of Handloom, sericulture and Handicraft, Industry Department, Government of Jharkhand reserve the right to cancel the e-tendering process at any stage and to reject any or all the bid(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-
Deputy Director
Directorate of Handloom, sericulture and Handicrafts

PR 341800 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft(24-25).D

# गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं



योगेन्द्र योगी

**विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम 10 सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है।**

देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड? से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान है। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा ड्डचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।



देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम 10 सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे।

स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है। यह पैदा होने वाले चावल के ठूंठ का लगभग 63.6 प्रतिशत है और हरियाणा और पंजाब में अकेले जलाई जाने वाली पराली का 48 प्रतिशत हिस्सा है। हालत यह है कि वोटों के डर से राज्य और केंद्र की सरकारें पराली जलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए किसानों का वोट बैंक आम लोगों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि पराली जलाने की हर साल होने वाले घटनाओं के बावजूद कोई भी सरकार सख्त कदम उठाने से हिचकिचाती है। यहां तक की सरकारें वोटों के लालच में लगातार अदालत के निर्देशों की अवहेलना कर रही हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने कथित तौर पर कैथल जिले में पराली जलाने के आरोप में 18 किसानों को गिरफ्तार किया था। ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण राज्य के कृषि विभाग के करीब 24 अधिकारियों को निलंबित भी किया गया था। गौरतलब है कि हजारों किसान पराली हर साल जलाते हैं। इसके बावजूद कुछ किसानों की गिरफ्तारी महज दिखावा है। केंद्र सरकार ने 2022 में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर राज्यों में फसल अवशेषों के इन-सीटू प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू की। पंजाब को पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए 2018-22 के दौरान इस योजना के तहत 1,387.6 करोड़ रुपये से अधिक मिले। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 22 अक्टूबर को पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह बताए कि राज्य में धान की पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के लगातार प्रयासों के बावजूद प्रदूषण से बिगड़े हालात में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। दरअसल नौकरशाह नेताओं के इशारों पर काम करते हैं। नेता वोट के कारण किसानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से कतराते हैं। यह निश्चित है विश्व में प्रदूषण को लेकर बदनाम हो चुकी राजधानी के हालात सुधारने के लिए जब तक अदालतें नौकरशाहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करेंगी, तब तक इनकी प्रवृत्ति में सुधार संभव नहीं है।

## संपादकीय

### जवाबदेही का सवाल

बांग्लादेश में हिन्दुओं समेत अनेक अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार हो रहे टारगेटेड हमले से देसी नहीं विदेशों में रहने वाले और प्रवासी भारतीय भी क्षुब्ध हैं। पश्चिम बंगाल सहित देश के अन्य हिस्सों में इन हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सोमवार को अमेरिका में भी भारतीय अमेरिकीयों ने 'हमें न्याय चाहिए और हिंदुओं की रक्षा करो' का नारा लगाते हुए व्हाइट हाउस से लेकर पूरी राजधानी में मार्च निकाला। एक जिम्मेदार देश होने के नाते भारत सरकार ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर बहुत संयत रवैया अपनाया है और वहां लोकतांत्रिक और समावेशी सरकार की स्थापना में सहयोग देने की पहल की है। इसी क्रम में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को बांग्लादेश की यात्रा की और अंतिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस, विदेश सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन के साथ मुलाकात की। अगस्त में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद पहली बार किसी उच्च भारतीय अधिकारी ने ढाका की यात्रा की। हसीना की सरकार के गिरने के बाद वहां जिस तरह हिन्दुओं के घरों, दुकानों और उपासना स्थलों पर हमले हो रहे हैं उसे दोनों देशों के रिश्ते असहज हो गए हैं। विदेश सचिव ने मोहम्मद युनूस और मोहम्मद तौहीद हुसैन से बातचीत में अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाया और भारत की चिंता सुनने अवगत कराया। विक्रम मिस्त्री के बयान के बाद उनके बांग्लादेशी समकक्ष तौहीद हुसैन ने हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हम लोगों को दुष्प्रचार बताकर खंडन किया और कहा कि भारत को बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। यह तथ्य है कि सभी आधुनिक राष्ट्रीय राज्य की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने अल्पसंख्यक नागरिकों की जान-माल की रक्षा करे और यह उसका आंतरिक मामला भी होता है। लेकिन अगर कोई राज्य अपनी जिम्मेदारियों या राष्ट्री धर्म का पालन ठीक से नहीं करता है तो उसके खिलाफ कौन कार्रवाई करेगा। विडंबना है कि आधुनिक राष्ट्रीय राज्य से इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। विश्व जनमत इस सच्चाई को कैसे झुठला सकता है कि इस्कॉन के पूर्व सदस्य कृष्णदास को झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया। यह विडंबना है कि बांग्लादेश अपने देश के गौरवपूर्ण इतिहास को झुठला रहा है और पाकिस्तान की तरफदारी कर रहा है। एक संप्रभु और स्वतंत्र आधुनिक देश होने के नाते बांग्लादेश को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के सवाल पर जवाबदेह होना चाहिए।



## चिंतन-मनन

### सबसे बड़ा दरिद्र

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए। एक दिन महात्मा जी जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले-यह साधारण सिक्का नहीं है, मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया। एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा जी ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, कृपया मुझे आशीर्वाद दें। महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से संपन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है। राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

# कांग्रेस के भविष्य पर नए सवाल, राहुल और प्रियंका की बढ़ेंगी मुश्किलें



प्रियंका गांधी वाड्रा की भी संसदीय पारी का आगाज हो गया, पर इसी दौरान कांग्रेस की नियति को लेकर नए सिरे से सवाल उठ खड़े हुए हैं। उत्तर प्रदेश के कांग्रेसी दशकों नारा लगाते रहे: अमेठी का डंका, बेटी प्रियंका, मगर वह केरल की वायनाड सीट से संसद पहुंचीं। वायनाड में उपचुनाव की नौबत इसलिए आई कि इस बार रायबरेली और वायनाड, दो सीटों से जीते राहुल ने पारिवारिक सीट रायबरेली रखने का फैसला किया।

राजस्थान से राज्यसभा पहुंचने से पहले सोनिया गांधी रायबरेली से ही लोकसभा चुनाव जीतती रहीं। उनसे पहले पति राजीव गांधी रायबरेली का प्रतिनिधित्व करते रहे। फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी भी रायबरेली से लोकसभा के लिए चुने जाते रहे। सोनिया गांधी द्वारा इस बार संसद जाने के लिए राज्यसभा का रास्ता चुने जाने के बाद अटकलें थीं कि राहुल वायनाड और अपनी पुरानी सीट अमेठी से लड़ेंगे, जबकि प्रियंका रायबरेली से अपनी संसदीय राजनीति की शुरूआत करेंगी, लेकिन कांग्रेस ने चौंकाने वाला निर्णय लिया। परिवार और पार्टी के निष्ठावान किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से स्मृति इरानी के विरुद्ध चुनाव में उतारा, जबकि राहुल के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित रायबरेली को चुना। कांग्रेस का दांव सफल भी रहा। रायबरेली से राहुल तो जीत ही गए, किशोरी लाल ने भी अमेठी से स्मृति इरानी को हरा कर सबको चौंका दिया। राहुल और किशोरी लाल, दोनों के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान प्रियंका गांधी ही संभालती नजर आई थीं। जब राहुल ने वायनाड छोड़ने का एलान किया तभी उपचुनाव में प्रियंका के प्रत्याशी होने का फैसला हो गया था। राहुल ने कहा था कि वायनाड के मतदाताओं को उनकी कमी महसूस न हो, इसलिए वहां से होने वाले उपचुनाव में बहन प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवार होंगी। बेशक वायनाड से प्रियंका की जीत में किसी को संदेह नहीं था, लेकिन भाई राहुल से भी ज्यादा अंतर से जीत हासिल कर उन्होंने चौंकाया। प्रियंका चार लाख से भी ज्यादा वोटों के अंतर से जीती हैं। उनका मुकाबला सत्तारूढ़ एलडीएफ प्रत्याशी से हुआ, जबकि भाजपा की उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहीं। हालांकि प्रियंका गांधी की संसदीय पारी का आगाज भले ही अभी हुआ है, लेकिन वह राजनीति में नई नहीं हैं। खुद प्रियंका गांधी ने बताया कि वह 35 साल से राजनीति में सक्रिय हैं और उन्होंने 1989 में 17 साल की उम्र में पहली बार अपने पिता राजीव गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया था। सभी जानते हैं कि रायबरेली और अमेठी में वह मां और भाई के लिए अतीत में भी चुनाव प्रबंधन और राजनीतिक कामकाज देखती रही हैं।

प्रियंका की संसदीय राजनीति का आगाज ऐसे समय हुआ है, जब छह महीने पहले लोकसभा चुनाव में पुनरुत्थान के संकेत मिलने के बाद कांग्रेस फिर पस्तहाल नजर आ रही है। अक्टूबर में हाथ में आती दिख रही हरियाणा की सत्ता फिसल गई, तो जम्मू-कश्मीर में मित्र दल नेशनल कांफ्रेंस की बड़ी जीत के बावजूद कांग्रेस मात्र छह सीटों पर सिमट गई। फिर नवंबर में महाराष्ट्र में चुनावी पराभव का नया कीर्तिमान बनाया तो झारखंड में अनुकूल माहौल के बावजूद कांग्रेस सीटें बढ़ाने में नाकाम रही। भाजपा से सीधे मुकाबले में कांग्रेस के लगातार लचर प्रदर्शन और उसके बावजूद आत्मकेंद्रित अहंकारी व्यवहार के चलते अब गठबंधन में भी उसके विरुद्ध स्वर मुखर होने लगे हैं। घटक दलों के नेता गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को देने की पैरवी कर रहे हैं। जून में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बने राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर भी मित्र दल ही सवाल उठाने लगे हैं। बेशक प्रियंका गांधी बेहतर वक्ता मानी जाती हैं, लेकिन उनके साथ ही गांधी-नेहरू परिवार के तीनों सदस्यों के संसद में आ जाने से वंशवाद के मुद्दे पर भाजपा के आक्रमण को जो तेज धार मिलेगी, उससे बचाव कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा।

ऐसे में यह स्वाभाविक सवाल अनुत्तरित ही है कि कांग्रेस आलाकमान या कहें कि खुद परिवार ने यह रास्ता क्यों चुना? आखिर प्रियंका राजनीति में तो थी हीं। सालों पहले ही सीधे कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव बनाई जा चुकी थीं। वह उत्तर प्रदेश सरीखे बड़े राज्य की प्रभारी थीं। हालांकि स्टार प्रचारक होने के बावजूद वह कांग्रेस को बड़ी चुनावी सफलता नहीं दिलवा पाईं। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने चर्चित नारा दिया था कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं।' कांग्रेस ने बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवार भी उतारे, पर जोरदार प्रचार अभियान के बावजूद कांग्रेस 402 में से मात्र दो विधानसभा सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस का मत प्रतिशत भी ढाई प्रतिशत के आसपास रहा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की हालत लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन से सुधरती दिखी, पर हाल के नौ विधानसभा उपचुनाव में सपा ने उसके लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी। अब परिवार के तीनों ही सदस्य संसद में पहुंच जाने से वंशवाद के मुद्दे पर भाजपा का आक्रमण तो और तेज होगा ही, कांग्रेस में राहुल के समानांतर एक और सत्ता केंद्र बनने का खतरा भी रहेगा।

ध्यान रहे कि पंजाब में कांग्रेस के पराभव का बड़ा कारण बने नवजोत सिंह सिद्धू को प्रियंका गांधी का समर्थक बताया जाता रहा है। उन्हीं की जिद के चलते पंजाब में पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदला गया और फिर मुख्यमंत्री। इस उठापटक की अंतिम परिणति यह हुई कि मतदाताओं ने कांग्रेस को ही सत्ता से बेदखल करते हुए आम आदमी पार्टी को प्रचंड जनादेश दे दिया। कांग्रेस शासित हिमाचल में भी प्रियंका का दखल रहता है। यदि राहुल और प्रियंका एक-दूसरे के पूरक की भूमिका निभाएंगे तो कांग्रेस की मजबूती में मददगार होंगे, लेकिन यदि वे दो अलग-अलग सत्ता केंद्र बनकर प्रतिद्वंद्वी बन गए तो कमजोर कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा भी बीच-बीच में चुनाव लड़कर समाज और देश-सेवा की इच्छा जताते रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संगठन के बाद अब संसद में भी प्रियंका की एंट्री से राबर्ट वाड्रा की राजनीतिक भूमिका भी बढ़ेगी क्या? उनके विरुद्ध कई मुकदमे लंबित हैं। पत्नी के सांसद बन जाने के बाद उन मुकदमों की गति और नियति देखना भी दिलचस्प होगा, जिसका राजनीतिक प्रभाव कांग्रेस पर पड़े बिना नहीं रह सकेगा।

**-राज कुमार सिंह**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

# कर्म पथ पर अविराम गतिमान मुख्यमंत्री मोहन यादव



कृष्णमोहन झा

मध्यप्रदेश में मोहन यादव सरकार ने एक साल पूरा कर लिया है। सरकार की एक साल की उल्लेखनीय उपलब्धियों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि कोई भी मुख्यमंत्री मात्र एक साल में अर्जित ऐसी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर गर्व कर सकता है परन्तु मुख्यमंत्री मोहन यादव इसे गर्व का विषय नहीं मानते बल्कि हर्षोल्लास के इस मौके पर भी उनका सारा ध्यान केवल इस बात पर केंद्रित है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से समाज में आखिरी छोर पर खड़ा व्यक्ति भी वंचित न रहने पाए। इसीलिये मोहन यादव ने अपनी सरकार की प्रथम वर्षगांठ को जनकल्याण पर्व के रूप में मनाने का फैसला किया जिसकी गूंज मध्यप्रदेश से लेकर देश की राजधानी तक सुनाई दे रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विगत दिनों जब नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की तो उन्होंने मध्यप्रदेश में जन कल्याण से जुड़ी बेतवा केन परि योजना और पार्वती काली सिंध चम्बल परियोजनाओं के मध्य प्रदेश की सराहना की और मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण भी सहर्ष स्वीकार किया।मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते हैं कि जनता का कल्याण और मध्य प्रदेश का विकास यही मेरे जीवन का ध्येय है।इसी संकल्प की सिद्धि के लिए कर्म पथ पर अविराम गतिमान हूं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि हम सब के प्रयास से मध्यप्रदेश को खुशहाल , संपन्न और स्वर्णिम प्रदेश बनाने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की विशेष पहल पर प्रारंभ हुआ यह जनकल्याण पर्व इस मामले में अनूठा है कि यह पर्व मध्यप्रदेश की सरकार और जनता के बीच एक अभिनव सेतु की भूमिका निभाएगा। इसमें । सरकार और जनता दोनों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने लाल परेड ग्राउंड में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.28 बहिनों के खाते में 1572 करोड़ की राशि अंतरित की । इसी तरह मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 55 लाख हितग्राहियों के खाते में 338 .38 करोड़ की राशि अंतरित की । राजधानी के ऐतिहासिक लाल परेड ग्राउंड में आयोजित इस भव्य समारोह में एक साथ 7 हजार आचार्यों द्वारा किया गया सस्वर गीता पाठ ने जनकल्याण पर्व के आकर्षण को द्विगुणित कर दिया। गीता पाठ का यह अनूठा कार्यक्रम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से उसके क्षेत्रीय अधिकारी विश्वनाथ ने मुख्यमंत्री को तदाशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार जनकल्याण पर्व और जनकल्याण अभियान के माध्यम से सरकार की बहुमुखी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रख रही है। लगभग एक पखवाड़े तक चलने वाले जनकल्याण पर्व के दौरान संपूर्ण प्रदेश में नगरीय निकायों और पंचायत स्तर तक शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री द्वय , राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद , विधायक पिछले एक साल की अवधि में सरकार के द्वारा किए गए जनहितैषी कार्यों तथा सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों से प्रदेश की जनता को अवगत कराएंगे। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि समाज का कोई भी तबका केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए।इसी सिलसिले में 26 दिसंबर को पचमढ़ी में महत्वपूर्ण चिंतन शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले जनकल्याणकारी अभियान के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 18354 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया जाएगा। इसी अवधि में प्रदेश में 38 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य भी रखा गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की बागडोर मोहन यादव के पास आने के बाद मात्र एक साल की अवधि में सरकार ने ऐसे अनेक फैसले किए हैं जो विकास के पथ पर मील के चमकदार पत्थरों के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही नगर यातायात में असुविधाजनक साबित हुए बी आर टी एस कारीडोर को हटाने तथा धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकरों को प्रतिबंधित करने के जो फैसले किए वे उनकी कार्यशैली का परिचय देने के लिए पर्याप्त थे। यहां तक कि गुना और शाजापुर के कलेक्टर के विरुद्ध भी तत्काल सख्त फैसला लेने में मुख्यमंत्री ने कोई संकोच नहीं किया।मुख्यमंत्री की लाडली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं को दी जाने वाली राशि में वृद्धि कर मुख्यमंत्री ने यह भी साबित कर दिया कि इतने कठोर मुख्यमंत्री कितना संवेदनशील हो सकता है। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के द्रुतगामी औद्योगिक विकास और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करने हेतु क्षेत्रीय निवेशक सम्मेलनों के आयोजन में जो सराहनीय पहल की उसके अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं।

# मस्जिद से 50 मीटर दूर छात्रों का हंगामा

## यूपी कॉलेज के बाहर सड़क पर बैठे, पुलिस ने घेरा, बोले-बंद हॉस्टल खोलो







**वाराणसी ।** उदय प्रताप कॉलेज के गेट पर आज फिर छात्र प्रदर्शन पर उतर आए। छात्रों की तीन मांगे हैं। पहली- पिछले दिनों गिरफ्तार दो छात्रों को रिहा किया जाए। दूसरी- कॉलेज के कई हॉस्टल बंद हैं, इन्हें खोला जाए। तीसरी- कॉलेज में धार्मिक गतिविधि बंद कराई जाए। मस्जिद से 50 मीटर दूर छात्र धरने पर बैठे हैं। पुलिस ने धरने पर बैठे छात्रों को चारों तरफ से घेरा है। 25 नवंबर को सीएम योगी यूपी कालेज के 115वें संस्थापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यूपी कॉलेज को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाएंगे। उनके जाने के बाद सुन्नी सेंट्रल बोर्ड की यूपी कालेज की संपत्ति को लेकर 2018 में जारी नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हुई। 29 नवंबर को 500 से अधिक नमाजी यूपी कॉलेज पहुंचे। मस्जिद में नमाज अदा की। इससे पहले वहां 5-10 लोग ही नमाज अदा करने आते थे। कॉलेज कैंपस में धर्म विशेष से जुड़े लोगों की भारी संख्या में मौजूदगी को लेकर कालेज एडमिनिस्ट्रेशन ने पुलिस प्रशासन से गहरी आपत्ति जताते हुए माहौल बिगड़ने की आशंका जताई। 3 दिसंबर को कालेज के छात्रों ने मस्जिद से 50 मीटर दूर हनुमान चालीसा का पाठ करके पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी थी कि मुस्लिम पक्ष नमाज अदा करने आएगा, तो वह भी हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। विरोध-प्रदर्शन के बीच पुलिस ने परिसर में होने वाली नमाज को सुरक्षा और परीक्षा का हवाला देते हुए बंद करवा दिया था। 3 दिसंबर से ही कैंपस के अंदर नमाजी नमाज अदा करने नहीं जा रहे हैं। उदय प्रताप कॉलेज कैंपस में मस्जिद के गेट पर ताला लगा दिया गया था। एक ताला मस्जिद की देख-रेख करने वाली कमेटी ने पहले लगाया था। बुधवार यानी 11 दिसंबर को गेट पर दूसरा ताला लगा मिला। इससे मुस्लिम पक्ष नाराज थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मस्जिद के पूरब और दक्षिणी गेट पर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों ने कमिश्नर मोहित अग्रवाल से मुलाकात की थी। लेटर भी दिया है। इसमें कहा कि मस्जिद पर लगे ताले को हटाया जाए। मुस्लिमों को नमाज पढ़नी है। हमें सुरक्षा भी दी जाए। कॉलेज के प्राचार्य डीके सिंह का कहना था कि मुझे इस बारे में कुछ पता नहीं। ऐसा लग रहा है कि दूसरा ताला पुलिस ने लगवाया है। कॉलेज में मस्जिद और मजार के विवाद को लेकर छात्रों ने 6 दिसंबर को प्रदर्शन किया था। इसमें कई पूर्व छात्र जो अधिवक्ता हैं, शामिल हुए थे। इन लोगों ने कॉलेज परिसर में जबरन घुसने की कोशिश की, जिससे शांतिपूर्ण प्रदर्शन उग्र हो गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पकड़कर जीप में डाला, तो छात्र गुस्सा गए। जीप को घेर लिया। कुछ लोग जीप पर चढ़ गए। नारेबाजी करने लगे। यहां से मामला बिगड़ गया। पुलिस जीप पर चढ़कर हंगामा करने की तस्वीरों के वायरल होने पर कुछ लोगों ने इसे पर पीएम और पीएमओ के साथ ही सीएम योगी को टैग कर दिया। पुलिस ने मामले में यूपी कॉलेज के प्रबंध समिति अध्यक्ष डीपी सिंह की कार को घेरकर उन्हें बंधक बनाने, हंगामा करने के मामले में एक छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मस्जिद, मस्जिद और मजार विवाद के कारण कॉलेज में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात कर दी गई। 4 दिसंबर को कॉलेज को एक और पत्र वक्फ बोर्ड का मिला। जिसमें कहा गया कि 2018 के दावे से संबंधित नोटिस को 2021 में ही खारिज कर दिया गया है। मस्जिद को कॉलेज परिसर से हटाने, नमाज अदा नहीं किए जाने की मांग को लेकर 6 दिसंबर को छात्रों ने कॉलेज परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। जुलूस निकाला और नारेबाजी की। उसी शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए सीएम योगी ने भी बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया था कि कॉलेज परिसर में कोई नई परंपरा कायम नहीं होनी चाहिए।

# पूर्वांचल के गांधी बाबा राघव दास की जयन्ती मनी

संवाददाता

**कुशीनगर।** बुद्ध इण्टर कालेज कुशीनगर में वृहस्पतिवार को विद्यालय के संस्थापक पूर्वांचल के गांधी बाबा राघव दास की जयन्ती मनायी गयी एवं स्काउट गाइड त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।विद्यालय में स्थित बाबा राघव दास की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्काउट गाइड का झण्डारोहण किया।स्काउट प्रार्थना एवं झण्डा गीत गाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाबा राघव दास पूर्वांचल के सर्वश्रेष्ठ सामाजिक एवं राजनैतिक नेता थे। पूर्वांचल के कई जिलों में बाबाजी ने अनेकानेक शिक्षण संस्थान प्रारम्भ किया। कहा कि अनुशासन सिर्फ समाज परिवार के लिए ही नही स्काउट गाइड के जीवन शैली को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। शिक्षण क्षेत्र में कार्य करना ईश्वरीय कार्य है।विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र नाथ



त्रिपाठी ने कहा कि बाबा राघवदास ने पूर्वांचल में महात्मा गांधी के समतुल्य कार्य किया।रवीन्द्र नगर का नामकरण बाबाजी ने ही किया। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के प्राचार्य डा विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर से स्काउट गाइड अपने कुशल नेतृत्व की क्षमता विकसित करेंगे। प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर स्वागत कराते हुए परिचय कराया। कहा कि बाबा राघव दास का जन्म महाराष्ट्र के पुणे में एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके बचपन का नाम राघवेन्द्र था। ये बरहज अनन्त महाप्रभु के शिष्य थे। इस विद्यालय की स्थापना बाबाजी ने 1934 में कई थी। कहा कि बाबा जी का मानना था शिक्षा द्वारा ही सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सरस्वती वन्दना संगीत शिक्षक अमरजीत मिश्र एवं संचालन मनोविज्ञान प्रवक्ता वरूण राय ने किया। स्काउट गाइड शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त इजहारूल खान,निवेदिता श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, डेविड पटेल,रिति प्रभा, मीरा, ऋषि यादव ने किया।टोली बनाना नियम प्रतिज्ञा, सीटी संकेत, दैनिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के खेल कराये गये।सायंकाल सत्रावसान कर दिया गया। आभार कार्यक्रम अधिकारी विजय मणींद्र त्रिपाठी ने व्यक्त कियाअवकाश प्राप्त प्रवक्ता सुरेश प्रसाद गुप्त, जगजीवन मिश्र, डा अनुज कुमार,प्रेम कुमार मिश्र,अरविन्द कुमार राव, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, अशोक कुमार चौरसिया, राजेश राय ,रवीन्द्र राव,कृष्ण कुमार त्रिपाठी, हरिकेश सिंह, शम्भू शरण श्रीवास्तव, सत्येन्द्र पाण्डेय, जमीर अहमद, चित्रांश श्रीवास्तव, अमिय त्रिपाठी नागेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में राप्ती तट पर रेत से उकेरी कलाकृतियां

**गोरखपुर ।** राजघाट स्थित राप्ती नदी के किनारे आज का दिन कला और रचनात्मकता का उत्सव बन गया। राज्य स्तरीय रेत कला आकृति प्रतियोगिता का आयोजन यहां हुआ, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के तत्वावधान में सिस्या फाउंडेशन ने आयोजित किया। खुले आसमान के नीचे, रेत पर हाथों से सजीव होती आकृतियां प्रतिभागियों की रचनात्मकता और उनके गहरे संदेशों की गवाह बनीं। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रेत पर उतारा, जिसमें धर्म, संस्कृति, और समाज के प्रति उनकी जागरूकता स्पष्ट दिखी। छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को उकेरा। इसके साथ ही, कई बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। रेत पर बनाई आकृतियां, जैसे वृक्ष, स्वच्छ जल और प्रदूषण मुक्त धरती, न केवल उनकी रचनात्मकता को दर्शा रही थीं, बल्कि समाज को जागरूक




करने का संदेश भी दे रही थीं। प्रतिभागियों ने अपने दिल की भावनाओं को रेत पर इस तरह उतारा कि हर आकृति एक कहानी कहती नजर आई। किसी ने प्रदूषण से जूझती पृथ्वी का चित्रण किया, तो किसी ने स्वच्छता का महत्व समझाया। बच्चों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और स्वच्छ भविष्य का सपना दिखाया। दर्शकों ने बच्चों की कला को सराहा और आयोजकों ने इस प्रतियोगिता को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। सिस्या फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों को न केवल अपनी कला दिखाने का मंच देती है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है।

# शादी का झांसा देकर 3 साल तक किया यौनशोषण

**बस्ती ।** कलवारी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग पीड़िता गुरुवार को अपनी मां के साथ एसपी ऑफिस पहुंची। वहां उसने शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता ने बताया कि युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक संबंध बनाए। जब वह गर्भवती हुई और शादी के लिए कहा, तो युवक ने इनकार कर दिया।

पीड़िता का कहना है कि युवक ने उसे गर्भपात की दवा दे दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज कराना पड़ा। अब युवक शादी से भी मुकर रहा है। पीड़िता ने बताया, जब मैंने शादी की बात की तो उसने कहा कि वह मेरा बच्चा



नहीं है। उसने मुझसे कहा कि जो करना है, कर लो। कुछ समय तक हमारी बात बंद रही, लेकिन बाद में उसने मुझे दोबारा बुलाया। इस दौरान उसने मुझे बिना जानकारी के गर्भनिरोधक दवा दे दी, जिससे मेरा गर्भपात हो गया। उसने मेरे बच्चे को मार दिया।

मामले पर कलवारी थाना प्रभारी विजय दुबे ने कहा, शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कार-संगम : गीता हमारी भारतीय संस्कृति का आधार

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** परंपरागत एवं लुप्तप्राय कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था संस्कार-संगम कुशीनगर के तत्वावधान में गीता पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के डॉ०अम्बरीष विश्वकर्मा के आवास नगर स्थित चित्रतूली-भवन में गीता-जयंती का आरम्भ विधिवत श्रीमद्भागवत गीता पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत एकात्मता मंत्र- यं वैदिका मंत्रदृशः पुराणा.....के गायन से हुआ। संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा कि गीता हमारी भारतीय संस्कृति का आधार है। दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने अपने सम्बोधन में बताया कि गीता जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर मानव मात्र का ग्रन्थ है। डा० विश्वकर्मा ने कहा कि तृतीय सहस्राब्दी ईसा पूर्व महर्षि वेदव्यास




द्वारा लिखित महाभारत के भीष्म पर्व में गीता का वर्णन है जिसमे 18 अध्याय एवं 700 श्लोक हैं, मानव मात्र के कल्याण हेतु गीता भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से अर्जुन को उपदेश स्वरुप प्राप्त हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेश प्रसाद गुप्त ने कहा कि गीता- वेद, पुराण, उपनिषद आदि धार्मिक ग्रंथों का सार है। गीता का प्रथम श्लोक ध से एवं अंतिम श्लोक म पर समाप्त होता है।आज मोक्षदा एकादशी भी है आज हीं के दिन श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश स्वरुप गीता का ज्ञान दिया था, गीता का दर्शन, पूजन एवं पठन कल्याणकारी है। वंदना गुप्ता ने उठो पार्थ अब युद्ध करो ...। किरण जायसवाल ने जिसकी प्रतिमा इतनी सुन्दर ...। सुनंदा शर्मा ने हो कान्हा अब तो मुरली कि ...। निधि शर्मा ने अत्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम ...। दिनेश तिवारी ने हे री मैं तो प्रेम दीवानी मेरा दरद ...। डॉ०अम्बरीष विश्वकर्मा ने मैं नहीं तुम हो, यही है गीता, नहीं तो सब है रीता ...। मंत्री पवन गुप्ता ने जब काल मनुज पर छाता है पहले....। उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं का आभार ज्ञापित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर रवि शंकर प्रताप राव ने गीता के उपदेश पर प्रकाश डाला। संचालन आयोजक राजू मद्धेशिया ने किया। कार्यक्रम का समापन गीता जी की आरती एवं वन्देमातरम.... के सस्वर गायन से हुआ। इस अवसर पर राम नारायण जायसवाल, रमेश मद्धेशिया, धनंजय राव, अमित मिश्रा, कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी, सुभाष मद्धेशिया, तुलसी देवी, नमन, सामर्थ, लाडो, विवेक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# स्क्वाड्रन लीडर ने अधिकारी पत्नी पर लखनऊ में कराया केस

**लखनऊ।** भारतीय वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर ने अपनी अधिकारी पत्नी पर फर्जी मुकदमे कराकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है, शादी के बाद पत्नी के महंगे शौक पर सवाल किया तो उल्टे उसने पुलिस में शिकायत कर दी। वहीं, पत्नी ने कहा कि पति के सारे आरोप मनगढ़ंत हैं। वह साइको हैं। कोई भी आरोप लगाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। पत्नी उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक में सहायक लेखाकार के पद पर तैनात है। स्क्वाड्रन लीडर ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर समेत कई सीनियर अधिकारियों से पत्नी के खिलाफ शिकायत दी है। गोमती नगर अउढ पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। स्क्वॉड्रन लीडर अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया- 2016 में मेरी पोस्टिंग असम के तिनसुकिया में थी। मैं आगरा का रहने वाला हूं, इसलिए लखनऊ पोस्टिंग चाहता था। विभाग में ट्रांसफर के लिए एप्लिकेशन दी, तो बताया गया कि अगर लखनऊ में शादी करोगे तो ट्रांसफर आसानी से हो जाएगा। इसके बाद घर वालों ने मेट्रोमोनियल साइट से रिश्ता तलाशा। लखनऊ में रहने वाली ज्योति (बदला हुआ नाम) की मां से मुलाकात हुई। मां उस समय भाजपा महिला मोर्चा में पदाधिकारी थीं। ज्योति भी नौकरी




कर रही थी। मेरे परिवार वालों को रिश्ता अच्छा लगा और शादी की बात आगे बढ़ गई। अभिषेक ने बताया- 26 फरवरी 2016 को कोर्ट मैरिज हुई। फिर मैं तिनसुकिया चला गया। इसके बाद मेरा ट्रांसफर लखनऊ हो गया। 25 नवंबर 2016 को लखनऊ में ज्योति से रीति-रिवाज से शादी की। आगरा में रिसेप्शन किया। कुछ दिन आगरा में रहने के बाद हम लखनऊ लौट आए। लखनऊ में सरकारी मकान नहीं मिला तो कुछ दिन ज्योति के घर पर रहा। इसके बाद मुझे सरकारी मकान अलॉट हो गया। ज्योति के साथ वहां शिफ्ट हो गया। इस बीच, ज्योति अधिकतर अपनी मां के ही घर पर रहती थी। वह महंगे शौक रखती थी। कुछ दिन तक ज्योति मेरे पास नहीं आई तो मैं उसकी मां के घर गया। वहां कमरे पर ताला लगा था। मैंने ज्योति की मां को फोन किया तो उन्होंने कहा कि घर पर हैं। मैंने बताया कि घर के बाहर खड़ा हूं। इस पर ज्योति की मां नाराज हो गईं और शक करने की बात करने लगीं। मैंने उन्हें समझाया और अपने घर लौट गया। मैंने कई बार ज्योति को फोन किया, लेकिन उसने सही से बात नहीं की। स्क्वॉड्रन लीडर ने कहा- ज्योति के महंगे शौक के बारे में पूछा तो वह टालमटोल करने लगी। उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट में पैसों का काफी लेन-देन होता था। पूछने पर गुमराह करती थी। कहती थी, मौसी की बेटी की शादी होनी है। उसका मंगेतर पैसे ट्रांसफर कर रहा है। जब मैंने छानबीन की, तो मालूम चला कि ज्योति के साथ काम करने वाला उसके और मां के बैंक खातों में बड़ी धनराशि भेजता है। 13 फरवरी, 2018 को कई बार में 86 हजार से ज्यादा रुपए भेजे। यह लेन-देन तब होता था, जब मैं ज्योति के साथ नहीं रहता था। इसके बाद मैंने 1 मई, 2018 को पंजाब ट्रांसफर ले लिया। इस बीच ज्योति ने 2-3 बार अबॉर्शन भी कराया। मैं पंजाब जाने ही वाला था, तभी 30 अप्रैल 2018 को रात में गोमती नगर थाने से फोन करके बताया गया कि मेरे खिलाफ एफआईआर हुई है।

## संक्षिप्त डायरी

### लूट के मामले में दो गुनाहगारों को दस-दस साल की सख्त सजा के साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मझगवां तिराहे की पुलिया के पास 24 मई 2009 को मोटरसाइकिल सवार दो मुनीमों से हुई 32 हजार रुपये की लूट के सनसनीखेज मामले में मु०अ०सं०-722/2009- धारा 392 आईपीसी के तहत अभियुक्त प्रेम नरायण उर्फ पीलू, विकास उर्फ सोनू सहित देवेन्द्र के खिलाफ दर्ज किया गया था, जबकि अपर जिला एवं सत्र अदालत के स्पेशल स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने लूट के इस संगीन मामले में दो अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये दस-दस साल की सख्त सजा के साथ ही पांच- पांच हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया, जबकि एक अभियुक्त देवेन्द्र को संदेह के चलते बरी कर दिया गया, जबकि लूट के इस सनसनीखेज मामले में अभियोजन की तरफ से अदालत में दमदार पैरवी एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ल ने करते हुये तीनों अभियुक्तों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की थी।




एडीजीसी- मणिकर्ण शुक्ला

### प्रांतीय शिक्षक सम्मेलन 17 से 19 दिसंबर को विंध्याचल में



संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के कुशीनगर के जिलाध्यक्ष साहित्यविद्नंदा पांडेय ने बताया कि संघ का प्रांतीय सम्मेलन और शैक्षिक संगोष्ठी 17-19 दिसंबर 2024 को मिर्जापुर के पटेल अतिथि निवास, विंध्याचल में आयोजित होगी। इसमें प्रदेश के शिक्षक, पदाधिकारी और शिक्षाविद् गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व नई शिक्षा नीति पर मंथन करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी शामिल होंगी। 16 दिसंबर को यात्रा और 20 दिसंबर को वापसी के साथ 17 से 19 दिसंबर को विशेष अवकाश स्वीकृत किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री पांडेय व जिलामंत्री डॉ. संजय मिश्र ने सम्मेलन में शिक्षकों से अधिकाधिक भागीदारी का आग्रह किया है।

### भारतीय जनता पार्टी का संगठन चुनाव एक पर्व: मदन गोंविन्द राव

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** कसया देहात मण्डल के संगठन चुनाव पर्व को लेकर भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुआ बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मदन गोबिंद राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को चुनाव को एक पर्व के तरह सभी कार्यकताओं को एक साथ बैठक कर



उनसे विचार विमर्श करने के बाद ही संगठन को गति प्रदान किया जाएगा भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव को लेकर जगह बैठक किया जा रहा है और सभी कार्यकताओं से रूबरू हो कर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा । इस दौरान देहात मंडल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह, डॉ टी एन राव , महामंत्री शम्भु गुप्ता, मोनू सिंह, शिवाकांत सिंह, जयप्रकाश दुबे, संजय सिंह कौशिक, सुदर्शन शर्मा, विनय ठाकुर, रामलोचन शर्मा, अमित पांडे, अशोक कनौजिया, सतीश चंद्र शर्मा, धीरेंद्र सिंह सैंगर, अमित पांडे, आईटी संयोजक रत्नेश श्रीवास्तव, बृज किशोर शर्मा, राम नगीना सिंह, राम गोविंद सिंह, विभूति कुशवाहा, आद्या पांडेय, दिनेश गुप्ता, सत्यनारायण निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कत्ल के जुर्म में गुनाहगार को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ बाईस हजार रुपये का जुमार्ना




संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा में 25 मार्च 2017 को उस वक्त हडकंप मच गया, जब अभियुक्त निरपत ने पीड़ित के भाई रामलखन का अपहरण करने के बाद जान से मार कर उसकी लाश को कहीं छिपा दिया था, कत्ल के इस सनसनीखेज मामले में मृतक के भाई की तरफ से अभियुक्त निरपत पुत्र चुन्नीलाल निवासी सिमरा थाना कुरारा के खिलाफ अपहरण, हत्या सहित सबूत मिटाने के सनसनीखेज मामले में संगीन धाराओं में अ०सं०- 81/2017 धाराझ 364,302,201आईपीस के तहत दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला,सत्र हमीरपुर की अदालत ने अभियुक्त निरपत को धारा-302,201 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही बाईस हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया, जबकि मामले की जांच केदारनाथ ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट सम्मिट की, जबकि आभियोजन की तरफ से दमदार बहस करते हुये डीजीसी राजेश कुमार शुक्ला ने आदालत से अभियुक्त के खिलाफ सख्त सजा की मांग की थी।

### लखनऊ में नीलगाय को खा गया बाघ

**लखनऊ ।** रहमान खेड़ा गांव में बुधवार रात बाघ (टाइगर) ने नीलगाय का शिकार किया। गुरुवार सुबह केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के खेतों में नीलगाय का क्षत-विक्षत शव मिला है। वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुटी है। रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि टाइगर ने नील गाय का शिकार किया है। शिकार की जगह से 100 मीटर की दूरी पर पिंजरा लगा दिया गया है। काकोरी के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के बेल उत्पादन ब्लॉक में सुबह दस बजे मजदूर पहुंचे। यहां उन्होंने नीलगाय का क्षतझविक्षत शव देखा। इसकी सूचना उन्होंने संस्थान के निदेशक टी दामोदरन को दी। निदेशक ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। रेंजर टीम के साथ सुबह 11 बजे मौके पर पहुंची। आसझपास के इलाके की सघन जांच की गई। इस दौरान संस्थान परिसर और बाहर खेतों में बाघ के पग चिन्ह मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### टर्टल वैक्स इंडियाने भोपाल में ऑल– न्यू कार केयर स्टूडियो शुरू किया

भोपाल। शिकागो स्थित पुरस्कार विजेता कार केयर कंपनी टर्टल वैक्स, इंक. ने आज भोपाल, मध्य प्रदेश में भवानी मोटर्स के साथ मिलकर एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो शुरू करने की घोषणा की। यह स्टूडियो खसरा नंबर, 78/4, होशंगाबाद रोड, मिसरोद में स्थित है। अत्याधुनिक टर्टल वैक्स 0 डिटेलिंग तकनीकों से सुसज्जित इस स्टूडियो में उच्च योग्यता प्राप्त और प्रशिक्षित कर्मचारियों की टीम है, जो कार उत्साही ग्राहकों की व्यक्तिगत पसंद के अनुसार डिज़ाइन की गयी विस्तृत कार डिटेलिंग सेवाएं और उत्पाद ऑफर करती है। स्टूडियो का उद्घाटन श्रीमती कृष्णा गौर जी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया गया।भवानी मोटर्स को कार केयर और डिटेलिंग में वर्षों का अनुभव है, जो अब भोपाल में टर्टल वैक्स की डिटेलिंग इनोवेशन और विशेषज्ञता के साथ जुड़ा है। यह साझेदारी सर्वोत्तम गुणवत्ता और ग्राहक सेवा के माध्यम से उपभोक्ताओं को पेशेवर वाहन देखभाल और स्वच्छता की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है। इस स्टूडियो में टर्टल वैक्स की सिरेमिक और ग्रेफीन रेंज से कई तरह के केयर पैकेज उपलब्ध हैं, जो नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए बेहतरीन परिणाम देते हैं। ग्राहक अब कार केयर स्टूडियो में, पेटेंटेड ग्राफीन तकनीक के साथ हाइब्रिड सॉल्यूशंस और हाइब्रिड सॉल्यूशंस प्रो जैसे टर्टल वैक्स 0 के प्रसिद्ध डिटेलिंग उत्पादों द्वारा पेशेवर परिणामों का अनुभव कर सकते हैं। साजन मुरली पुरवंगारा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेडने कहा, हमने मध्य प्रदेश में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां भोपाल में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का निर्णय लिया है। इस नए स्टूडियो के साथ, हमारा उद्देश्य राज्य में बेहतरीन गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करना है। ब्रांड को अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव करने के लिए श्रेणियों और उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध होने पर गर्व है। हमें विश्वास है कि भवानी मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी हमें इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार केयर सेवाएं और लाभ प्रदान करने में मदद करेगी। हम अपने डीलर नेटवर्क पर गर्व महसूस करते हैं और आने वाले वर्षों में इसे मजबूत करते हुए देश के टियर टू और टियर थ्री शहरों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाएंगे।

### सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर, 2024 को खुला

मुंबई, एजेंसी। सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो समग्र इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट और सपोर्ट सर्विसेज में विशेषज्ञता रखता है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। इश्यू साइज 10 प्रति अंकित मूल्य के 65,79,200 इक्विटी शेयरों तक है, जिसमें प्रति शेयर 72 - 76 का प्राइस बैंड है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी के संचालन के अतिरिक्त उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से अवयवात्मक पहलों को बढ़ावा देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा। इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार के.फिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड है।अमोल शिंगटे, सीईओ और निदेशक, सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने कहा, यह अत्यंत उत्साह के साथ है कि हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा कर रहे हैं।

# ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के साथ की पार्टनरशिप

दिल्ली, एजेंसी। भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र में स्किल की कमी को दूर करने के लिए सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप से ब्लू ओशन के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) के फाउंडेशन कोर्स के साथ जोड़कर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के सिलेबस के साथ लाया जाएगा। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुण गौतम ने 3 दिसंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में यूनिवर्सिटी कैंपस में एक ऑफिसियल सेरेमनी के दौरान एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में ब्लू ओसियन कॉर्पोरेशन दिल्ली के डायरेक्टर




- संचालन श्री दीपक महाजन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. निहार अमोनकर, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट के डीन डॉ. अखिल दामोदरन और एसोसिएट डीन डॉ. एकता सारस्वत की सम्मानित उपस्थिति ने प्रतिष्ठा को दोगुना कर दिया।

यह कोलैबोरेशन आईआईएलएम के छात्रों को तेजी से बढ़ती इंडियन लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्किल्स और नॉलेज से लैस करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका अनुमान 2029 तक 317.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 484 बिलियन डॉलर हो जाने का है।

यह कोलैबोरेशन न केवल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट और एडवांस्ड सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी की समझ प्रदान करता है, बल्कि प्रतिभागी को एएससीएम, युएसऐ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी प्रदान करता है। यह सर्टिफिकेशन करंट जॉब मार्किट में वैल्यू एड करता है, क्योंकि कई मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन (एमएनसी) भारत में इन्वेस्ट करना चाहते हैं और ग्लोबल सर्टिफिकेशन वाले स्किल्ड प्रोफेशनल की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। ऐसी योग्यता से स्नातकों के लिए रोजगार और कैरियर की संभावनाएं मजबूत होती हैं, जिससे वे बढ़ते लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में अग्रणी बन जाते हैं। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन ने कहा, भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, और यह कोलैबोरेशन सुनिश्चित करेगा कि प्रोफेशनल्स की अगली पीढ़ी उस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी एडवांस्ड स्किल्स से लैस हो। हमारे कार्यक्रम को आईआईएलएम के सिलेबस में लाकर, हम लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस के एक नए युग की नींव रख रहे हैं,

### ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऑर्डर प्राप्त हुआ

मुंबई, एजेंसी। ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक (बीसीएस) (बीएसई: 539607), एक नवाचारपूर्ण एआईओटी सॉल्युशंस प्रदाता और विभिन्न क्षेत्रों में एआई-प्रेरित सॉल्युशंस में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अपने ब्लूपोर्ट- मोबाइल डिवाइस सॉल्युशंस (एमडीएम) प्लेटफॉर्म को वितरित करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो विशेष रूप से बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन को ऑपटीमाइज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है बीएलयूपोर्ट एक अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म है जो विशेष रूप से स्वास्थ्य संगठनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हेल्थकेयर संगठनों को उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपने बायोमेडिकल डिवाइस प्रबंधन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है जो मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसमें मजबूत एन्क्रिप्शन, रिमोट प्रबंधन क्षमताएं, और विस्तृत पहुंच नियंत्रण शामिल हैं। हम चिकित्सा उपकरणों के लिए सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम विकास के साथ-साथ एमडीएम ऑर्डर प्राप्त करने को लेकर उत्साहित हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने नवाचारी समाधानों को लाने के लिए तत्पर हैं, ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड की श्रीमती जनकी यार्लगड्डा ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलयूपोर्ट को संगठनों को उनके बायोमेडिकल डिवाइसेज़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे अंततः मरीजों के परिणामों में सुधार होता है। यह प्लैटफ़ॉर्म रिमोट कॉन्फ़िगरेशन, केंद्रीकृत इन्वेंट्री ट्रैकिंग और समय पर फ़र्मवेयर अपडेट जैसी सुविधाओं के ज़रिए डिवाइस सॉल्युशंस को सुव्यवस्थित करता है।

## यश हाईवोल्टेज लिमिटेड का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

मुंबई, एजेंसी। यश हाईवोल्टेज लिमिटेड, जो हाई वोल्टेज और हाई करंट ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता और वितरक में से एक है, 12 दिसंबर, 2024 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य 110.01 करोड़ तक जुटाना है, और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक ट्रांसफॉर्मर कंडेन्सर ग्रेडेड बुशिंग्स के निर्माण के लिए एक नया कारखाना स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बोली प्रक्रिया 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 16 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। इश्यू के लिए इंडओरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। यह आईपीओ यश हाईवोल्टेज लिमिटेड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में हमारी प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। वर्षों से, हमने उच्च गुणवत्ता वाले ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है। इस आईपीओ से प्राप्त धनराशि हमें रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक बुशिंग्स के लिए एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा स्थापित करके हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। यह पहल हमारी दक्षता बढ़ाने, उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्र में अग्रणी बने रहने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने ग्यालसुंग इन्फ्रा, भूटान के साथ एमओयू साइन किया

मुंबई, एजेंसी। हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में अग्रणी कंपनी है, ने भूटान की द ग्यालसुंग इंफ्रा के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाओं के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने में गर्व महसूस करती है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता इसकी सफलता का आधार है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड की यह रणनीतिक पहल उसे वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने और भूटान के तेजी से विकसित हो रहे बाजार की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रुबलजीत सिंह

Hardwyn
Since 1965
Perfection Redefined

सायल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हार्डविन इंडिया लिमिटेड और द ग्यालसुंग इंफ्रा, भूटान के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत भूटान में ग्यालसुंग इंफ्रा द्वारा किए जाने वाले भवन नवीनीकरण और आगामी परियोजनाओं के लिए सभी आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स की आपूर्ति हार्डविन इंडिया लिमिटेड द्वारा की जाएगी। एमओयू के अनुसार, यह उत्पाद दो वर्षों तक प्रदान किए जाएंगे और इनकी अनुमानित कुल लागत लगभग ?5 करोड़ होगी। यह उपलब्धि हमारे व्यवसाय और हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव लाने वाली है। हमें उम्मीद है कि यह समझौता हमारे ग्राहकों, समुदायों और व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## अल्टीमेट एक्सटिरियर प्रोटेक्शन : एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया ग्राफीन की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

मुंबई ,एजेंसी। हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरूप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है।

पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है।




अब, यह एशियन पेंट्स एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक को एक मजबूत अवरोधक बनाता है जो घरों को यूवी फ़ेडिंग, दरारों और पानी से होने वाले नुकसान से बचाता है। ग्राफीन का उन्नत प्रत्यास्थलक (इलास्टोमेरिक) गुण भारतीय घरों के लिए सबसे मजबूत और सबसे विश्वसनीय सुरक्षा है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है। इस विज्ञापन में, रणबीर कपूर को पहली बार एक जासूस के रूप में देखा जा सकता है, जो रोमांचक तरीकों के इस्तेमाल से खतरनाक परिस्थितियों से बच निकलता है।

विज्ञापन मोरक्को के एक बाजार में शुरू होता है जो कि दर्शकों को एक साहसिक मिशन दिखाता है। रणबीर, एक तेज-तर्रार एजेंट के तौर पर अपनी हीरोइन के साथ घुमावदार सड़कों से होते हुए पीछा कर रहे दुश्मनों से बच निकलता है।

इस दौरान जब एक मिसाइल अपने लक्ष्य पर हमला करने को तैयार होती है तो रणबीर चतुराई से सेफ हाउस की ओर भागता है, जो ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक से संरक्षित होता है।

इसके बाद दुश्मन हर विकल्प का इस्तेमाल करता है जिसमें मिसाइल के साथ बिना रुके लगातार हमले करता है लेकिन सेफ हाउस मजबूत टिका रहता है। यह विज्ञापन सूरज की गर्मी, भारी बारिश और लगातार धूल जैसी हर बाधा के खिलाफ अल्टिमा प्रोटेक की सुरक्षा को शानदार ढंग से दर्शाता है।

अभियान जासूसी को नवीनीकरण के साथ मिलाता है यह दिखाने के लिए कि कैसे ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक बेजोड़ प्रदर्शन करता है। द सेफ हाउस बाहरी चुनौतियों से घरों की रक्षा करने में ब्रांड के वादे को दर्शाता है।

### आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए 100 करोड़ तक जुटाएगा

IIFL HOME LOAN

मुंबई, एजेंसी। आईआईएफएल होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए (प्रत्येक) की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने पब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए (ट्रेंच द्व इश्यू) की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी एनसीएस रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंच द्व इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा।

एनसीडी को बीएसई और एनएसई बीएसई के साथ एनएसई स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच आई इश्यू के लिए नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

ट्रांच आई इश्यू 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से लेकर 9.25 प्रतिशत प्रति वर्ष तक के कूपन रेट के साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करता है।

## तनाएरा ने लॉन्च किया नया कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स'

### वैडिंग रेंज के साथ इस सीज़न का आकर्षण बनाया जो दूल्हन के आशाजनक भविष्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाता है

मुंबई, एजेंसी। शादियां भावनाओं का मिश्रण होती हैं, यह एक नए अध्याय की शुरूआत है जहां प्यार सभी सीमाओं को पार कर नई कहानियों की शुरूआत करता है। टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा अपने नए कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स' के साथ इसी यात्रा की भावना पर रोशनी डालता है। मृणाल ठाकुर के साथ फिल्माया गया यह कैंपेन उस दूल्हन की कहानी बयां करता है जो अपने बचपन की देहलीज़ को पार कर, अपने साथ ढेरों यादें संजांए, असंख्य संभावनाओं से भरपूर एक नए जीवन के वादे करती है- एक ऐसा अनुभव जिसे भारत की विभिन्न संस्कृतियों में साझा किया जाता है। इस कैंपेन के माध्यम से तनाएरा उन भावनाओं को सम्मान देती है, जो दूल्हनों को एक धागे के साथ जोड़ती हैं, फिर चाहे वे किसी भी क्षेत्र या किसी भी परम्परा से ताल्लुक रखती हों, यह कैंपेन उनकी नई यात्रा की बारीकियों को उजागर करता है। इस समय, दूल्हन सिर्फ साड़ी में




लिपटी नहीं होती, उसके मन में ढेरों सपने, यादें और उम्मीदें होती हैं, जिन्हें अपने साथ लेकर वह अपने जीवन के नए अध्याय की शुरूआत करती है। तनाएरा का कैंपेन 'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' इस बात पर रोशनी डालता है कि किस तरह, जहां दूल्हन की साड़ी विभिन्न प्रकार के फैब्रिक, ड्रेप और डिज़ाइन के ज़रिए उसकी बदलाव की यात्रा की सच्ची साथी बन जाती है।

'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' ऐसे कलेक्शन के साथ इस पावन पल के फैब्रिक में बुनी संस्कृति का जश्न मनाता है, जो हमारे देश की कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों, समकालीन डिज़ाइन एवं आधुनिक रंगों की समृद्ध धरोहर के सदाबहार पारम्परिक मिश्रण की अभिव्यक्ति करता है। ब्राण्ड के दृष्टिकोण के अनुरूप यह कलेक्शन विभिन्न डिज़ाइनों में शुद्ध एवं प्रमाणिक फैब्रिक का प्रतीक है। तनाएरा ज़री का सर्टिफिकेशन भी देती है, ताकि दूल्हन अपने जीवन के सबसे खास दिन इस धरोहर के सही मायनों का अहसास पा सके। शादी के जश्न को पूरे परिवार तक बढ़ाते हुए वैडिंग रेंज की साड़ियों में कई विकल्प हैं जो हर तरह की भूमिकाओं और व्यक्तित्वों पर खूब जंचते हैं। दूल्हन की सबसे अच्छी सहेली हो, दूल्हे की मां या चचेरी बहन, इस कलेक्शन में हर महिला के लिए साड़ी है, जो नए जोड़े के साथ इस यादगार मौके की खुशियां बांटती हैं।

लॉन्च के अवसर पर मिस शालिनी गुप्ता, जनरल मैनेजर, तनाएरा ने कहा, ''तनाएरा में हमारा मानना है कि हर दूल्हन की यात्रा परम्परा और बदलाव का जश्न है। हमारा यह कैंपेन इन्हीं भावनाओं, यादों और सपनों की अभिव्यक्ति है

## होरिबा ने भारत में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया

### यह हाइड्रोजन ईंधन आधारित इंटर्नल कंबशन इंजनों का परीक्षण

पुणे, एजेंसी। 2024-ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर सहित समूह के तीन क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाले क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने तेजी से उभरते हाइड्रोजन के वृहद क्षेत्र में कदम रखा है। होरिबा ने पुणे के चाकन में होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन )टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया है। यह नई इकाई ना केवल कारोबार के रास्तों का विस्तार करेगी, बल्कि कार्बन न्यूट्रलिटी, डीकार्बनाइजेशन और टिकाऊपन हासिल करने के वैश्विक विज़न को हासिल करने में भी उल्लेखनीय रूप से योगदान करेगी।

होरिबा इंडिया की चाकन इकाई- होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर (एचआईटीसी) को 100 करोड़ रुपये से अधिक निवेश से 2016 में लांच किया गया जो 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। उत्सर्जन मापन प्रणालियों, उन्नत एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंट्स और देशज




कस्टमाइजेशन इकाई के लिए यह 2006 से एक प्रदर्शन आधार के तौर पर काम कर रही है। इस अत्याधुनिक इकाई को आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001:2018 और एनएबीएल आईएसओ आईईसी 17025:2017 की मान्यता मिली है जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करती है। होरिबा ने इस टेक्निकल सेंटर में घरेलू और निर्यात आपूर्ति दोनों के लिए एक 2/3व्हील चेसिस डाइनोमीटर, मेक इन इंडिया ईवी चेसिस डाइनो, आरडीई टेस्टिंग कंटीन्युअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीईएमएस), एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (एक्यूएमएस) और वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (डब्लूक्यूएमएस) के विकास पर कई परियोजनाएं क्रियान्वित की हैं। होरिबा ने हाल ही में इस इकाई में मास फ्लो कंट्रोलर्स (एमएफसी) का रिपेयर, कैलिबरेशन और प्रोडक्शन शुरू किया है। इस कंपनी ने इस हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा को स्थापित करने में और करीब 28-30 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# राजपूतों को बंधुआ मजदूर समझोगे तो ऐसा ही होगा

## तिरहुत में जेडीयू की हार पर भड़के आनंद मोहन, कहा- मेरे परिवार को पूछा तक नहीं

**शिक्षक नाराजगी, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे को बताया बड़ी वजह**

**पटना।** तिरहुत स्नातक स्तरीय विधान पार्षद के उपचुनाव में जेडीयू की मिली हार ने पार्टी के भीतर ही घमासान पैदा कर दिया है। तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव में एनडीए को मिली हार पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने अपनी ही पार्टी जेडीयू के नेताओं पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।

उन्होंने इस चुनाव में राजपूत नेताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि राजपूतों के साथ बंधुआ मजदूर जैसा व्यवहार करेंगे तो हार मिलेगी। तिरहुत स्नातक क्षेत्र में पांच विधायक और दो सांसद राजपूत हैं, फिर भी हमें नहीं पूछा गया। आनंद मोहन ने बिना नाम लिए तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव एक इंसान की अहंकार की भेंट चढ़ गया। राजपूत समाज से आने वालीं सांसद वीणा सिंह, विधायक राजू सिंह, अरुण सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह की तस्वीर भी कहीं नहीं दिखी। शिक्षक नाराजगी, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे को बताया बड़ी वजह तिरहुत स्नातक क्षेत्र में जदयू को मिले बड़ी हार को



लेकर आनंद मोहन ने कई बातें कहीं। आनंद मोहन ने नीतीश सरकार फैसले पर सवाल खड़ा किया और कहा कि बिहार में शिक्षकों की नाराजगी स्नातक शिक्षक उपचुनाव में हार की बड़ी वजह है। पूर्व सांसद ने कहा कि शिक्षकों की मांगों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के बीच नाराजगी है। आनंद मोहन ने बिहार में हो रहे जमीन सर्वे को लेकर के भी सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जमीन सर्वे ग्रामीणों के बीच में आपसी झगड़े की बड़ी वजह बन रही है।

अपनी ही पार्टी पर भड़कते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजनीति में अहंकार की भाषा नहीं चलती है। जहां चूक हुई है, जेडीयू और एनडीए के नेताओं को बैठकर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। आत्ममंथन करना चाहिए। तिरहुत स्नातक सीट पर जेडीयू एवं एनडीए की हार बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।तिरहुत स्नातक उपचुनाव में वंशीधर ब्रजवासी को मिली थी जीत तिरहुत स्नातक उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार और शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी ने चुनाव में जीत दर्ज की थी। तिरहुत स्नातक क्षेत्र के हुए उपचुनाव में जेडीयू को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जन सुराज के विनायक गौतम को दूसरा स्थान मिला, जबकि RJD के गोपी किशन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जेडीयू के उम्मीदवार अभिषेक झा को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई थी, लेकिन जदयू इस सीट को नहीं बचा सकी।

## 24 साल से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**किशनगंज।** किशनगंज के पोठिया थाने की पुलिस ने 24 साल से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार पोठिया थाना क्षेत्र के कस्बा कलियागंज पंचायत अंतर्गत गौरीहाट गांव के कलाम पिता अमीर मोहम्मद उर्फ लंगड़ा को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इधर किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर पोठिया थाना अध्यक्ष निशाकांत कुमार ने बुधवार को एक विशेष टीम का गठन किया।

## गुलाम रसूल बलियावी के बयान पर बवाल

**किशनगंज।** में गुलाम रसूल बलियावी के दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई हैं। विभिन्न पार्टियां लगातार बड़े बयान दिए जा रही है। इसी क्रम में AIMIM के सीमांचल प्रभारी गुलाम हसनैन ने अपने बयान में गुलाम रसूल बलियावी को जदयू का गुलाम बताया है, जिसको जदयू के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ने समर्थन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों में किशनगंज में जदयू के एक बड़े सम्मेलन के दौरान जदयू नेता गुलाम रसूल बलियावी ने अपने भाषण को संबोधित करते हुए कहा कि अगर मुसलमान जदयू को वोट नहीं देते है तो गद्दार होंगे। इसपर Aimim



पार्टी के सीमांचल प्रभारी गुलाम हसनैन ने जमकर तंज कसा है। तंज कसते हुए गुलाम हसनैन ने कहा कि गुलाम रसूल बलियावी साहब गुलाम ए रसूल है, लगता है गुलाम ए नीतीश है। आप अपने अंदर झंझोड़ कर देखिए, जिस दिन हमारे नबी के गुस्ताख में कुछ लोग अनगढ़ बात बोले तब आपकी सरकार कहा थी। NRC में कहा थे, तीन तलाक में कहा थी। जब हमारे नबी के बारे में बोला गया था तो उस दिन आप गद्दार थे। इसलिए आप हम मुसलमानों का फैसला न ले। आप अपने निजी कुर्सी के लिए ये भ्रम न फैलाए। बयान को तोड़ मरोड़ कर किया गया पेश इस बयान पर जदयू के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आमीर मिन्हाज ने कहा कि गुलाम रसूल बलियावी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उनके बोलने का अर्थ यह था कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक के लिए काम किया है, उसके अपेक्षा अनुसार जदयू को मुसलमानों का वोट नहीं मिल रहा है। अगर आपके बारे में कोई सोच रहा है ।

## डिप्टी सीएम को मिला महाकुंभ में आने का निमंत्रण

### विजय सिन्हा बोले- तेजस्वी और लालू यादव को भी संगम में डुबकी लगाना चाहिए, संवाद यात्रा से घबराहट में हैं

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को महाकुंभ में आने के लिए निमंत्रण मिला है। यूपी सरकार के दो मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह पटना पहुंचे हैं। डिप्टी सीएम को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया है। इसके लिए विजय सिन्हा ने उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है। महाकुंभ के बहाने विजय सिन्हा ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा से ये लोग घबराहट में हैं। घबराहट छोड़कर तेजस्वी और लालू यादव को महाकुंभ में डुबकी लगाना चाहिए। सत्ता में रहने पर ये लोग मलाई में डुबकी लगाते हैं। बाहर निकलते हैं तो उस मलाई का हिसाब-किताब खोजते हैं। त्रिवेणी के संगम में उनको डुबकी लगाकर पवित्र होना चाहिए। लालू प्रसाद यादव का चल रहा अंतिम वक्त डिप्टी सीएम ने




आगे कहा कि कहा कि लालू यादव उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। इसलिए उनको विशेष रूप से डुबकी लगाना चाहिए। ताकि उनके मन के अंदर जो विकार हैं, उससे मुक्त हो सके। उनको लग रहा है कि नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा लालू परिवार के नैया को डुबो देगा। मुख्यमंत्री ने 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीट पार करने की घोषणा की है। इसलिए घबराहट में मुख्यमंत्री पर इस तरीके से बयान दे रहे हैं। महाकुंभ में 45 करोड़ लोग आएंगे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह संयुक्त तौर पर कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। 12 वर्षों बाद कुंभ मेला का आयोजन होता है। इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। महाकुंभ एक नदी स्नान नहीं है, बल्कि एकता का प्रतीक है। विजय सिन्हा की भाषा अमर्यादित- एजाज अहमद वहीं, डिप्टी सीएम के बयान पर आरजेडी ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि विजय सिन्हा बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं। उनकी भाषा में कभी भी बड़ों के प्रति सम्मान नहीं दिखता। उनकी भाषा हमेशा अमर्यादित होती है। लालू प्रसाद यादव का महिलाओं के प्रति मान-सम्मान स्पष्ट रूप से दिखता है।

एनडीए की सरकार में ही मुजफ्फरपुर शेल्टर होम, गया शेल्टर होम और पटेल नगर शेल्टर होम कांड हुआ।

## बांग्लादेश से नाबालिग बच्ची पहुंची भारत

**किशनगंज।** किशनगंज में बीएसएफ सेक्टर के बंगाल के चोपड़ा में एक बांग्लादेशी नाबालिग युवती को जवानों ने गिरफ्तार किया है। युवती बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रही थी। मालूम हो कि बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद से ही हिंदुओं पर लगातार अत्याचार जारी है। बांग्लादेश में रहने वाले माइनॉरिटी के लोग भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इस क्रम में बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रही एक नाबालिग युवती को बीएसएफ के जवानों ने बंगाल के उतरी दिनाजपुर के चौपड़ा ब्लॉक के फतेपुर बीओपी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जवानों ने नाबालिग को चोपड़ा थाने की पुलिस को सौंप दिया। नाबालिग ने बताया कि वह बांग्लादेश के पंचागढ़ जिले की रहने वाली है। नाबालिग का पूरा परिवार इस्कॉन से जुड़ा हुआ है।



बच्ची काफी डरी और सहमी सी थी। नाबालिग ने बताया कि वह जलपाईगुड़ी के बेलाकोबा में एक रिश्तेदार के घर जाने वाली थी। वहीं भारत में रह रहे नाबालिग के नाना को जब पुलिस ने बुलाकर पूछताछ किया तो नाना ने बताया कि बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े परिवारों को उपद्रवी लगातार धमकी दे रहे थे। इसके बाद नाबालिग को कोई रास्ता नहीं मिला तो भारत आ गई। नाना ने बताया कि बच्ची के माता-पिता बीमार है। उनका पूरा परिवार इस्कॉन से जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस जिला बाल कल्याण संघ की मदद से उसे घर भेजने की व्यवस्था कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### नई एजेंसी को मिली शहर की सफाई व्यवस्था



**बगहा।** शहर की सफाई व्यवस्था अब नई एजेंसी के हाथों में सौंपी गई है। अब दास एंड कंपनी की ओर से नगर की सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठ ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को दास एंड कंपनी नामक एनजीओ को सौंपी गई है। दास एंड कंपनी ने 125 सफाई कर्मियों को लगाया है। सफाई के लिए अब प्रति महीने 39 लाख रुपया खर्च किए जायेंगे। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त हो इसको लेकर नई एजेंसी को नगर प्रशासन की ओर से कड़ा निर्देश दिया गया हैं। सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। नई एजेंसी को कचरा प्रबंधन पर भी कई आवश्यक निर्देश दिया गया हैं। सफाई एजेंसी की ओर से मंगलपुर औसानी के पास 2 एकड़ जमीन कचरा डंपिंग के लिए एग्रीमेंट किया गया है, अब बगहा शहर में कचरा डंपिंग औसानी में ही किया जाएगा। नई एजेंसी की सफाई व्यवस्था सौंपने के साथ ही नगर की सफाई व्यवस्था में भी व्यापक तब्दील किया गया है। अब शहर में दो शिफ्ट में सफाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह के शिफ्ट में सभी चौक चौराहा सहित गली मोहल्ला की सफाई होगी। साथ ही साथ डोर टू-डोर कचरा का भी उठाव सफाई कर्मियों की ओर से किया जाएगा। शाम के शिफ्ट में नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहा सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कर्मी कूड़ा कचरा का उठाव करेंगे, ताकि नगर पूरी तरह से साफ और स्वच्छ दिखे। सफाई कर्मियों के लिए होगा ड्रेस कोड अब नगर की सफाई कर्मी एक ड्रेस में दिखेंगे। इसको लेकर नगर की नई सफाई एजेंसी की ओर से सभी सफाई कर्मियों के बीच ब्लू कलर के जैकेट का वितरण किया गया है गुरुवार को परिषद कार्यालय में कैंप लगाकर सभी सफाई कर्मियों के बीच ठंड से बचाव को लेकर जैकेट उपलब्ध कराया गया। साथ ही साथ सफाई कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ नगर की सफाई व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया।

### बेगूसराय में घर के पीछे बुलाकर मारी गोली, मौत



**बेगूसराय।** में बदमाशों ने आज दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना मंसूरचक थाना क्षेत्र के मकदमपुर गांव की है। मृतक की पहचान नावकोठी निवासी वीरेन्द्र सिंह के बेटे रवि कुमार (18) के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रवि अपने ननिहाल मखदुमपुर में ही रहता था। मृतक की नानी टुना देवी ने बताया कि पिता की मौत के बाद रवि और उसकी मां सुधा देवी यहीं रहते थे। दोपहर में वह घर में सोया हुआ था। तभी किसी ने बुलाया और घर के पीछे केलाबाड़ी में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। थोड़ी देर बाद हम पहुंचे तो उसे मरा हुआ देखा। किसी गाड़ी पर खलासी का काम करता था। आज दोपहर में वह किसी काम से बाहर निकाला था। तभी लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो घर के पीछे ही केलाबाड़ी में उसकी लाश पड़ी हुई थी। सूचना मिलते ही पहुंची मंसूरचक थाना कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रवि कुमार के पिता वीरेंद्र सिंह उर्फ लूचो सिंह की 15-16 साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद इसकी मां अपने बेटे को लेकर मायके चली गई थी और रवि अपने मां के साथ ननिहाल में ही रह रहा था। मुख्यालय डीएसपी रमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि रवि कुमार की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटनास्थल पर एफएसल को बुलाया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया है। परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

## ठेकेदार की 6 गोली मारकर हत्या बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर कार रुकवाई



**मधेपुरा।** में एक ठेकेदार की बदमाशों ने 6 गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 2 बाइक पर 6 बदमाशों ने ठेकेदार की कार को ओवरटेक कर रोकने का कहा। कार के रुकते ही उन्होंने ठेकेदार का नाम पूछकर गाड़ी से निकाला और फिर गोलियों से भूनकर फरार हो गए। मृतक की पहचान पवन कुमार राय (44) के रूप में हुई है। घटना पुरैनी थाना इलाके के कड़ामा पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात की है। वारदात के संबंध में बताया जाता है कि पवन कुमार राय अपने भाई,भतीजा और अन्य दो लोगों के साथ सड़क निर्माण का काम करवा कर घर लौट रहे थे। इस दौरान पुरैनी थाना के कड़ामा पेट्रोल पंप के पास पीछे 2 बाइक पर आए 6 बदमाशों आए। उन लोगों ने कार को ओवरटेक कर रुकने का इशारा किया। कार में सवार पवन राय के भतीजे पुष्पम कुमार ने बताया कि बदमाशों ने गेट खोलने के कहा। उसके बाद मेरे चाचा को कार से उतारने का इशारा किया। जैसे ही मेरे चाचा पवन राय कार से उतरे सभी ने लगभग 16 गोलियां चलाईं। गोलियों की आवाज बंद होने के बाद हमलोग कार से उतरे तो देखा कि मेरे चाचा पवन राय की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि परिजन की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम जांच कर रही है।

## जेलकर्मियों से घर का काम करवा रहे जेल सुपरिटेंडेंट साहब

**भागलपुर।** जेल के सुपरिटेंडेंट कर्मचारियों से अपनी गोशाला में काम करवाते हैं। जेलकर्मी सुपरिटेंडेंट की गायों के लिए चारा काटने, गोबर उठाने से लेकर बाजार में दूध की सप्लाई तक करते हैं। इसी साल 15 अगस्त को सुपरिटेंडेंट ने जेल की दीवार और दरवाजे की रंगाई पुताई करवाई थी। यह काम भी जेल कर्मचारियों ने ही किया था। जबकि, पेंटिंग के लिए विभाग ने अलग से राशि जारी की थी। आरोप है कि सुपरिटेंडेंट राजीव झा ने रंगाई का काम मजदूरों से करवाने के बदले जेल कर्मचारियों से करवा लिया और पैसे अपने पास रख लिए। जेल के अंदर काम करने वाले एक कर्मचारी ने सुपरिटेंडेंट के घर और जेल के अंदर के फोटो-वीडियो भेजे हैं। तीन दिन पहले भी एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसमें राजीव झा अपनी मौजूदगी में गैंगस्टर मुकेश पाठक की उनके जानने वालों से मुलाकात करवाते दिख रहे थे। हालांकि, इस संबंध में राजीव झा से बात की, तो उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया था।भागलपुर कैंप जेल के कर्मचारियों ने नाम न छापने की रिक्वेस्ट पर बताया कि 'राजीव



कुमार झा अपने सरकारी आवास पर गौशाला चलाता है। गौशाला में पशुओं की देखभाल के लिए जेल के सिपाही की ड्यूटी लगाई जाती है। जेल अधीक्षक से बात की तो उन्होंने कहा कि 'मेरे सरकारी आवास पर दो गाय है।' हालांकि, भास्कर के पास तीन गाय की तस्वीर है। इसके अलावा भी वहां पशुपालन हो रहा है। एक सीसीटीवी फुटेज में जेल के सिपाही गौशाला में मौजूद गाय के लिए चारा काटते दिख रहे हैं। इस मामले में अधीक्षक से बात की तो उन्होंने बताया कि 'ये सिपाही नहीं हैं, जो दिख रहा है, वो मेरा प्राइवेट स्टाफ है।' कि वीडियो में चारा काटते जो शख्स दिख रहा है, वह गृह रक्षक मनोज यादव है। एक अन्य वीडियो में एक शख्स एलपीजी गैस सिलेंडर की ढुलाई करता दिख रहा है। जेल के ही कर्मचारियों का दावा है कि वो शख्स भी जेल का ही कर्मचारी है।भागलपुर जेल कैंप के एक अन्य कर्मी ने बताया कि '15 अगस्त 2024 के लिए जेल की दीवारों और गेट की रंगाई-पुताई के लिए 7 लाख रुपए मिले थे, लेकिन मजदूरों के बदले जेलकर्मियों से दीवारों की रंगाई-पुताई करवाई गई। सुपरिटेंडेंट



ने फंड की निकासी करवा कर पैसे अपने पास रख लिए।' इस मामले में अब सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि 'जेल अधीक्षक अपनी मनमानी करें और अपराधियों से साठगांठ कर कर्मियों को प्रताड़ित करें। यह ठीक नहीं है। इसकी जांच होनी चाहिए।' उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जांच की मांग की है। जेल अधीक्षक के खिलाफ मुख्यमंत्री को 36 कर्मियों ने सिग्नेचर कर शिकायत पत्र भेजा है। इसके साथ ही DM से भी शिकायत की है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। कैंप जेल सुपरिटेंडेंट राजीव झा पर लगे आरोप की जांच शुरू हो गई है। डीएम नवल किशोर चौधरी के निर्देश पर सदर एसडीओ धनंजय कुमार और सिटी डीएसपी अजय चौधरी संयुक्त रूप से जांच करने के लिए मंगलवार को कैंप जेल गए थे। वहां शिकायतकर्ता, जेल अधीक्षक, उपाधीक्षक का पक्ष लिया गया। शिकायतकर्ता के साथ अन्य जेल कर्मियों का भी बयान लिया गया। साथ ही जेल अधीक्षक का भी पक्ष लिया गया। इसके साथ ही पिछले दिनों सामने आया सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई। अगले दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। हालांकि, जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जांच के लिए एक दिन पहले टीम पहुंची थी। इस टीम ने जेल अधीक्षक और उपाधीक्षक से बात की। लेकिन, सिपाही का बयान नहीं लिया गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच भी नहीं की गई। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों में तीन कर्मियों को दो शोकॉज और जेलर को 7 शोकॉज नोटिस दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई

डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि 'मामले की जांच की जा रही है। दो दिनों में रिपोर्ट मिल जाएगी। रिपोर्ट विभाग को भेज दिया जाएगा। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' भागलपुर केंद्रीय कारा के सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार झा पर गंभीर आरोप लगे हैं। सुपरिटेंडेंट ने कुख्यात कैदी मुकेश पाठक से गिफ्ट के तौर पर 15 लाख की कार ली है। साथ ही वे हर महीने 3 लाख रुपए भी लेते हैं। इसके एवज में सुपरिटेंडेंट अपनी मौजूदगी में मुकेश पाठक को मुलाकातियों से मिलवाते हैं



## नुकसान भी पहुंचा सकता है
# हल्दी वाला दूध

हल्दी वाला दूध पीकर ज्यादातर लोग अपनी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। लेकिन कुछ लोगों के लिए हल्दी वाला दूध नुकसानदायक साबित हो सकता है। लोग दादी-नानी के जमाने से हल्दी वाले दूध को सेहत के लिए वरदान मानते हैं। हालांकि, ज्यादा हल्दी वाला दूध पीने से आपकी सेहत पर पॉजिटिव असर की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि किन लोगों को हल्दी वाला दूध पीने से बचना चाहिए।

### गट हेल्थ पर पड़ सकता है बुरा असर

जिन लोगों को गैस या फिर ब्लोटिंग जैसी पेट से जुड़ी समस्या रहती है, उन्हें हल्दी वाले दूध को अपनी डाइट का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए। हल्दी वाले दूध में पाए जाने वाले तत्व आपकी इस समस्या को बढ़ाने का काम कर सकते हैं। इसके अलावा डायबिटीज जैसी साइलेंट किलर बीमारी के मरीजों को भी डॉक्टर की सलाह लिए बिना हल्दी वाला दूध नहीं पीना चाहिए।

### ब्लड प्रेशर के पेशेंट्स

अगर आपको अक्सर लो ब्लड प्रेशर रहता है, तो आपके लिए हल्दी वाला दूध काफी ज्यादा हानिकारक साबित हो सकता है। हल्दी वाला दूध ब्लड प्रेशर को और ज्यादा लो कर सकता है। इसके अलावा अगर आपको दूध से एलर्जी है, तो भी आपको हल्दी वाले दूध को अपने डाइट प्लान में शामिल करने से बचना चाहिए वरना आपकी सेहत को लेने के देने भी पड़ सकते हैं।

### गौर करने वाली बात

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बरसाती मौसम में भी हल्दी वाला दूध पीने से बचना चाहिए। आयुर्वेद के मुताबिक हल्दी वाला दूध आपके लिए तभी फायदेमंद साबित हो सकता है, जब आप इसका सेवन लिमिट में रहकर करें। दरअसल, किसी भी चीज को जरूरत से ज्यादा मात्रा में कंज्यूम करने से आपकी सेहत बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है।

## काफी ज्यादा दर्दनाक हो सकती है
# विटामिन डी की कमी

शरीर में पोषक तत्वों की कमी सेहत को बुरी तरह से डैमेज कर सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन डी का नाम भी पोषक तत्वों की इस लिस्ट में शामिल किया जाता है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो जाए, तो आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं। विटामिन डी की डेफिशिएंसी आपकी बॉडी को अंदर से खोखला कर सकती है। हालांकि, आप हेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान को फॉलो कर इस विटामिन की कमी को पैदा होने से रोक सकते हैं।

अगर आप अपने शरीर में इस विटामिन की कमी को पैदा होने से रोकना चाहते हैं तो आपको अपने डाइट प्लान में खाने की कुछ चीजों को जरूर शामिल कर लेना चाहिए। फिश, अंडा और मशरूम खाने से आप विटामिन डी की डेफिशिएंसी के पैदा होने के खतरे को कम कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सोया में भी विटामिन डी की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है इसलिए इसे भी डाइट का हिस्सा बनाया जा सकता है।



## स्वाद में कड़वा लेकिन
# गुणों की खान है करेला

**स्वाद में कड़वा जहर जैसा लगने वाला करेला सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है। कुछ लोगों को करेला खाना बिल्कुल पसंद नहीं होता है। क्योंकि इसका स्वाद कड़वा होता है। आपको बता दें जितना कड़वा करेला स्वाद में होता है शरीर के लिए उतना ही ज्यादेमंद है। दरअसल करेला में ऐसे पोषक तत्त्व पाए जाते हैं जो डायबिटीज और कई दूसरी बीमारियों में असरदार काम करते हैं। भले ही सब्जी के रूप में करेला आपको पसंद न हो लेकिन इसे दवा समझकर ही अपनी डाइट में शामिल कर लें। आचार्य बालकृष्ण की मानें तो करेले का उपयोग सिर्फ खाने में ही नहीं बल्कि लगाने में भी किया जाता है। आइये जानते हैं करेला कौन सी बीमारियों में फायदा करता है और इसका सेवन कैसे करें?**

### डैंड्रफ दूर

झकुछ लोगों को डैंड्रफ यानि रूसी की समस्या रहती है। उनके लिए करेला का रस फायदेमंद हो सकता है। डैंड्रफ हटाने के लिए आप करेले के जूस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए करेले के पत्तों का रस निकालकर बालों पर लगा लें। आप इस जूस में थोड़ी हल्की मिलाकर उपयोग करें डैंड्रफ से छुटकारा मिल जाएगा।

### सिरदर्द में आराम

झअगर आपको हमेशा सिरदर्द की परेशानी होती है तो आप करेले की पत्तियों को पीस कर इसका रल सिर में लगाएं। इस रस को अपने माथे पर लगा लें और सिर पर मालिश जैसी कर लें। काफी राहत मिलेगी।

### मुंह के छाले दूर करे

अक्सर गर्मियों में मुंह में छाले हो जाते हैं। जिससे खाने पीने में परेशानी होती है। ऐसे में आप कई तरह के नुस्खों का उपयोग करते है, लेकिन उनका कोई खास आराम नहीं मिलता है। आप एक बार करेले का रस छालों पर लगा लें। इससे काफी फायदा मिलेगा। रस लगाने के बाद लार को बाहर निकलने दें और कुछ देर मुंह खोलकर लटकाए रखें। छाले 1 दिन में ही ठीक हो जाएंगे।

### पथरी दूर करे

झ करेले का जूस पीने से पथरी के मरीज को आराम मिलता है। जिन लोगों को पथरी की परेशानी है, उन्हें करेले का रस जरूर पीना चाहिए। इससे पथरी को नेचुरली निकालने में मदद मिलती है।

### घुटनों के दर्द में फायदेमंद

जिन लोगों को अक्सर घुटनों में दर्द होता रहता है। ऐसे लोग भी करेला का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे करेले को आग में भून लें। अब करेला को मसल लें और रुई में लपेट कर घुटने में बांध लें। इससे जोड़ों और घुटने के दर्द में काफी आराम मिलेगा।

# लटकती तोंद
## हो जाएगी अंदर, बस रात को पिएं ये 5 ड्रिंक्स

हमारी लाइफस्टाइल के कारण बेली फैट बढ़ना एक आम समस्या बन चुकी है। कई लोग पेट की चर्बी बढ़ने की समस्या से परेशान रहते हैं। इसके लिए वे कई तरह की डाइट भी ट्राई करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसी ड्रिंक्स हैं, जिन्हें रात के समय पीने से बेली फैट कम करने में काफी मदद मिल सकती है। यहां हम उन्हीं ड्रिंक्स के बारे में जानेंगे, जो आपके पेट पर जमा जिद्दी चर्बी को पिघलाने में आपकी मदद कर सकते हैं। आइए जानें क्या हैं वे ड्रिंक्स।

ये ड्रिंक्स नेचुरल चीजों से बनती हैं, जो मेटाबॉलिज्म को तेज बनाने में मदद करते हैं। इसलिए इन्हें पीने से फैट बर्न करने में सहायता मिलती है और पाचन भी दुरुस्त रहता है। इन कारणों से ये ड्रिंक्स बेली फैट घटाने में काफी फायदेमंद साबित हो सकती हैं।

### सोने से पहले कौन-से ड्रिंक्स पेट कम करने में मदद कर सकते हैं?

ग्रीन टी- ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट्स और कैटेचिन होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं और फैट बर्निंग को बढ़ावा देते हैं। सोने से पहले एक कप ग्रीन टी पीने से आपको रात भर कैलोरी बर्न करने में मदद मिल सकती है।

अदरक की चाय- अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है। सोने से पहले एक कप अदरक की चाय पीने से आपको रात भर आरामदायक नींद आएगी।

दालचीनी पानी- दालचीनी में मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने वाले गुण होते हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में थोड़ी-सी दालचीनी पाउडर मिलाकर पीने से आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

नींबू पानी- नींबू में विटामिन-सी होता है, जो इम्युनिटी को बढ़ाता है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है। सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से आपको डिटॉक्सिफिकेशन में मदद मिल सकती है।

पुदीने की चाय- पुदीना पाचन को बेहतर बनाता है और पेट की गैस को कम करता है। सोने से पहले एक कप पुदीने की चाय पीने से आपको आरामदायक नींद आएगी।

बेली फैट कम करने के लिए कौन-सी ड्रिंक्स पीने से बचना चाहिए?

शराब- शराब पीने से कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है और वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

कॉफी और चाय- कॉफी और चाय में कैफीन होता है, जो नींद आने में बाधा बन सकती है, जिस वजह से वजन बढ़ सकता है।

कार्बोनेटेड ड्रिंक्स- कार्बोनेटेड ड्रिंक्स में शुगर और कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे वजन बढ़ सकता है।

पैकेट वाले जूस- जूस में फ्रक्टोज होता है, जो वजन बढ़ने का कारण बन सकता है।





# सर्दी में नुकसानदायक साबित हो सकती हैं खाने की ये चीजें

सर्दियों में लोगों को अक्सर सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। खांसी के साथ-साथ कफ और बलगम भी लोगों की उलझन का कारण बन जाता है। क्या आप जानते हैं कि खाने की कुछ चीजों का सेवन करने की वजह से बलगम की समस्या बढ़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हिस्टामाइन से भरपूर फूड आइटम्स बलगम के प्रोडक्शन को बढ़ा सकते हैं। यही वजह है कि बलगम की समस्या से जूझ रहे लोगों को इन चीजों को खाने से बचना चाहिए।

**मेयोनीज**- अगर आप बलगम की समस्या को बढ़ने नहीं देना चाहते, तो आपको मेयोनीज का सेवन नहीं करना चाहिए। मेयोनीज आपकी बॉडी में हिस्टामाइन रिलीज करने का कारण बन सकती है जिसकी वजह से बलगम की समस्या बढ़ सकती है।


**खट्टे फल**- हेल्थ एक्सपर्ट्स सर्दी, खांसी और जुकाम से जूझ रहे मरीजों को खट्टे फल न खाने की सलाह देते हैं। खट्टे फलों को खाकर गले से जुड़ी समस्याएं काफी हद तक बढ़ सकती हैं।

**चॉकलेट/कॉफी**- क्या आप जानते हैं कि चॉकलेट या फिर कॉफी जैसी चीजें बलगम के प्रोडक्शन बढ़ाने का काम कर सकती हैं। इसके अलावा आपको प्रोसेस्ड मीट्स का सेवन करने से भी बचना चाहिए वरना आपकी बलगम की समस्या काफी ज्यादा बढ़ सकती है।

**तला हुआ खाना**- आपकी जानकारी के लिए बता दें कि तला हुआ खाना भी बलगम की समस्या को बढ़ाने का काम कर सकता है। इसलिए सर्दी, खांसी या फिर जुकाम जैसी समस्याओं को ठीक करने के लिए तला हुआ खाना न खाएं।

**दही**- अगर आप बलगम की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको दही को अपनी डेली डाइट में शामिल करने से बचना चाहिए। दही बलगम के प्रोडक्शन को बढ़ाने का काम करता है जिसकी वजह से आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं।

# यूरिक एसिड कंट्रोल करने में ये जड़ी-बूटी है फायदेमंद



भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग हल्के-फुल्के दर्द को गंभीरता से न लेते हुए नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसा ही एक दर्द है, पैरों की एड़ी में अचानक शुरू हुआ दर्द और उससे जुड़ी हुई सूजन, जिसकी मुख्य वजह है बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। अगर समय रहते इसे कंट्रोल न किया जाए तो कई स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं, जैसे, गठिया, शुगर, जोड़ों से दर्द, सूजन आदि शामिल हैं। यहां तक की किडनी में स्टोन और किडनी के फेल होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए यूरिक एसिड को कंट्रोल करना बेहद ही जरूरी होता है। ऐसे में दवाइयों के अलावा कुछ आयुर्वेद अपनाने के साथ ही खान-पान में थोड़े बदलाव कर आप यूरिक एसिड के लेवल को कम कर सकते हैं। इसी आयुर्वेद में से एक गिलोय है। आइए जानते हैं गिलोय किस तरह से यूरिक एसिड के लेवल को कम करने में असरदार है।

### यूरिक एसिड कंट्रोल करेगा गिलोय-

गिलोय एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है। ये कई बीमारियों में असरदार है। अगर आप यूरिक एसिड की समस्या से जूझ रहे हैं तो गिलोय इस समस्या को भी कंट्रोल करने में कारगर है। इसमें गिलोय में अधिक मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व पाएं जाते हैं जो यूरिक एसिड के लक्षणों को कम करता है। इसके लिए बस आपको इसके इस्तेमाल के सही तरीके की जानकारी होनी चाहिए।

### यूरिक एसिड से पीड़ित मरीज इस तरह करें गिलोय का इस्तेमाल

रोजाना गिलोय का इस्तेमाल करना लाभकारी होगा। इसके लिए सबसे पहले गिलोय की ताजी पत्तियों और तने को तोड़ लें। उसके बाद इसे रात भर भिगोकर रख दें। अगले सुबह इसे पीस लें। उसके बाद 1 गिलास पानी और इस पाउडर को पैन में डालें और गैस पर चढ़ा दें। अब इसे आधा होने तक उबालें। उसके बाद इसे छानकर पी लें।

# सर्दी में रोज दूध के साथ खाएं एक गोंद का लड्डू



सर्दियों का मौसम आ चुका है। ठंड के मौसम में शरीर को गर्म और तंदुरुस्त रखना जरूरी होता है, ताकि सर्दियों में होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। इसलिए इस मौसम में गोंद के लड्डू खाना काफी फायदेमंद होता है।

गोंद में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिसके कारण ये सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं।

साथ ही, इससे बने लड्डुओं में घी और सूखे मेवे यानी ड्राई फ्रूट्स भी डाले जाते हैं, जो शरीर को गर्म रखते हैं और पोषण देते हैं। इसलिए सर्दी के मौसम में रोज एक गोंद के लड्डू खाना आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यहां हम गोंद के लड्डू बनाने की रेसिपी बताने वाले हैं, जिसे फॉलो करके आप आसानी से घर पर इन्हें बना सकते हैं।

### गोंद के लड्डू बनाने की विधि

सामग्री - गोंद - 100 ग्राम
सूखा मेवा (बादाम, काजू, किशमिश) - 100 ग्राम
घी - 100 ग्राम, गेहूं का आटा - 250 ग्राम
चीनी - 200 ग्राम, इलायची पाउडर - 1/2 चम्मच
सूखी अदरक पाउडर - 1/4 चम्मच
एक पैन में घी गर्म करें और उसमें गोंद डालकर सुनहरा होने तक भून लें।
एक अलग पैन में सूखे मेवे को हल्का-सा भून लें।
एक कड़ाही में गेहूं का आटा हल्का सुनहरा होने तक भून लें।
भूने हुए गोंद, सूखे मेवे, आटा, चीनी, इलायची पाउडर और सूखी अदरक पाउडर को एक बर्तन में मिला लें।

इस मिश्रण में थोड़ा-थोड़ा घी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और फिर छोटे-छोटे लड्डू बना लें।

लड्डू को ठंडा करके एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

### गोंद के लड्डू खाने के फायदे

हड्डियों को मजबूत बनाते हैं- गोंद में कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

जोड़ों के दर्द में आराम- गोंद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

पाचन तंत्र को दुरुस्त करते हैं- गोंद पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है।

इम्युनिटी बढ़ाते हैं- गोंद में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो इम्युनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

सर्दी-खांसी में लाभकारी- गोंद गले की खराश और खांसी में आराम दिलाता है।

एनर्जी देते हैं- गोंद में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी देते हैं।

किन लोगों को गोंद के लड्डू नहीं खाने चाहिए?

डायबिटीज के मरीज- चीनी की मात्रा ज्यादा होने के कारण डायबिटीज के मरीजों को गोंद के लड्डू सीमित मात्रा में या नहीं ही खाने चाहिए।

मोटापे से पीड़ित लोग- कैलोरी की मात्रा ज्यादा होने के कारण मोटापे से पीड़ित लोगों को गोंद के लड्डू कम मात्रा में ही खाने चाहिए।

# लो इम्यूनिटी को तेजी से बूस्ट करता है गुड़

खांसी जुकाम में गुड़ खाने के फायदे- मौसमी इंफेक्शन और खांसी जुकाम में अक्सर कहा जाता है गुड़ खा लो। आज से नहीं दादी-नानी के जमाने से गुड़ को इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स के रूप में देखा जाता है। लोग इसे अजवाइन के साथ लेते हैं। गुड़ का शरबत पीते हैं, गुड़ की चाय लेते हैं और फिर आप गुड़ को गर्म पानी के साथ कई प्रकार से ले सकते हैं। पर समझने वाली बात ये है कि गुड़ इम्यूनिटी बूस्ट क्यों और कैसे, जानते हैं इसके तमाम उन खास गुणों के बारे में जो हमें बीमारियों से बचा सकते हैं। गर्मी पैदा करता है गुड़- गुड़ की खास बात ये है कि इसे खाने से शरीर में गर्मी बढ़ती है। ये आपके शरीर के तमाम अंगों को एनर्जी देता है और मौसमी बदलाव के साथ शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करता है। इसके अलावा ये शरीर के बाहरी और अंदरूनी तापमान के बीच एक संतुलन बनाने में मदद करता है जिससे आप अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण बीमार नहीं पड़ते। गुड़ है एंटी इंफ्लेमेटरी है- गुड़ एंटी बैतक्टीरियल गुणों से भरपूर है और शरीर में सूजन को रोकने मे मदद करता है। इस वजह से सर्दी-जुकाम में इसे खाना फायदेमंद हो जाता है। इससे गले की खराश समेत कई समस्याओं में कमी आती है। इसके अलावा सिर दर्द और कमजोरी में भी ये मददगार है क्योंकि गुड़ में आयरन है और ये आयरन रेड ब्लड सेल्स को बढ़ावा देता है।

गुड़ इम्यूनिटी बूस्टर है- गुड़ एंटीबैक्टीरियल है। ये टी सेल्स को बढ़ावा देता है और शरीर को मौसमी इंफेक्शन से बचाता है। इससे होता ये है कि आप कई मौसमी बीमारियों से बचे रहते हैं। जैसे अचानक से फ्लू होना। सूखी खांसी और कफ की समस्या में भी गुड़ का सेवन करना कई प्रकार से फायदेमंद है। तो, सर्दियां आ रही हैं तो अपनी डाइट में गुड़ को शामिल कर लें।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हो सकता है बड़ा बदलाव, भारत-पाक विवाद के बीच रिपोर्ट में दावा

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है और प्रतियोगिता के शेड्यूल पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया जिससे इस बात पर बड़ी चर्चा हुई कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इस स्थिति से कैसे निपटेगी। एक 'हाइब्रिड' फॉर्मूला सुझाया गया था जिसके तहत भारत अपने मैच दुबई में खेल सकता है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। जबकि दिसंबर में आईसीसी की बैठक होनी थी, लेकिन आगे के रास्ते को लेकर असहमति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी नियमित वनडे प्रारूप से टी20 टूर्नामेंट बन सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'अगर गतिरोध जारी रहता है, तो यह असंभव नहीं है कि कुछ हितधारक चैंपियंस ट्रॉफी को टी20 प्रारूप में बदलने के लिए फिर से आवाज उठा सकते हैं, जो कि वनडे की तुलना में आसान और तेज है, जो तेजी से अपनी प्रासंगिकता खो रहे हैं।' इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राजस्व घाटे, मुकदमों का सामना करना पड़ सकता है और अगर वह अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले 50 ओवर के आयोजन के तरीके पर गतिरोध के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से हटने का फैसला करता है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलगाव का जोखिम भी उठाना पड़ सकता है।

यहां के एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक, जो आईसीसी आयोजनों के आयोजन से अच्छी तरह वाकिफ हैं, ने एक रिपोर्ट में कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ एक मेजबान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस आयोजन में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह इसने आईसीसी के साथ एक अनिवार्य सदस्य भागीदारी समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। किसी सदस्य देश द्वारा आईसीसी इवेंट में खेलने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही वह आईसीसी इवेंट से अर्जित राजस्व का हिस्सा पाने का पात्र होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आईसीसी ने अपने सभी इवेंट के लिए प्रसारण समझौते पर हस्ताक्षर किए, तो इसने यह गारंटी दी है कि सभी आईसीसी सदस्य चैंपियंस ट्रॉफी सहित अपने इवेंट में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।'




## विश्व कप की मेजबानी में पुर्तगाल का भी नाम, स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**मैड्रिड (एजेंसी)।** पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है।

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।

## बुमराह का सामना करने को तैयार हूं : मैकस्वीनी



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अच्छी तरह से सामना करेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में बुमराह की गेंदों को खेलना पड़ा है। वह तीन बार बुमराह का शिकार बने हैं हालांकि एडीलेड टेस्ट की पहली पारी में 39 रन बनाकर मैकस्वीनी ने अपना आत्मविश्वास हासिल कर लिया था।

मैकस्वीनी का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे बुमराह जैसे मुश्किल गेंदबाज का सामना का अवसर मिला है। मैंने एडिलेड में उनकी गेंदों को जिस प्रकार से खेला है। उससे मेरा मनोबल बढ़ा है। अब मैं जितना अधिक उनका सामना करूंगा उतना ही मेरे लिए खेलना आसान होता जाएगा।

मैकस्वीनी ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि उनका सामना करना मुश्किल है लेकिन एडिलेड में आत्मविश्वास हासिल करना अच्छा रहा और उम्मीद है की इससे पूरी सीरीज के दौरान मेरा आत्मविश्वास बना रहेगा। मैंने जब पहली बार उनका सामना किया तो पता चला कि वह अलग तरह के गेंदबाज है। यह उनकी गेंदबाजी को समझने से जुड़ा है। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में मैंने उनकी दो अच्छी गेंदों पर अपना विकेट भी खोया। दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने मुझे आउट किया पर उनका सामना करने से मेरी तैयारियां कैसी हैं ये भी मुझे पता चला है।

# कोहली ने टीम को संबोधित किया, रोहित ने नई और पुरानी गेंद से किया अभ्यास

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और बृहस्पतिवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को श्रृंखला के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता।

कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया। लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी (टेस्ट पदार्पण के मामले में) ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की।

उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी। रोहित ने नेट्स में नयी और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे



नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है।

केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नयी गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नयी लाल गेंद भी खेली। गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं। ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे।

गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' (हाथ से इशारा करके शॉट बताना) के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे। आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी।

पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया। आकाश दीप ने दो बार जयसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई। शमी शायद अभी टेस्ट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। वह शायद भारतीय टीम में शामिल नहीं हों क्योंकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 के नौ मैच खेलने के बाद उन्हें खुद लगता है कि वह अभी लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, 'सूजन आ जा रही है। वह खुद भी अधिक से अधिक घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इसलिए इस समय उनके बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी (21 दिसंबर से शुरू) में खेलने की संभावना है।' वहीं अकेला स्पिनर कौन होगा, यह भी सवाल है। इस पर भी वाशिंगटन सुंदर तकनीकी रूप से सबसे बेहतर बल्लेबाज हैं, रविचंद्रन अश्विन कौशल के मामले में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा एक ऑलराउंडर के रूप में बेहतरीन पैकेज हैं।

## अंडर-19 महिला एशिया कप : निकी प्रसाद को मिली भारतीय टीम की कप्तानी



खेल डैस्क । एसीसी महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन के लिए भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी गई है। महिला चयन समिति ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन संस्करण के लिए भारत की अंडर-19 टीम का चयन किया। यह टूर्नामेंट मलेशिया के कुआलालंपुर में बेयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाला है। भारत अंडर 19 टीम ग्रुप में है। उनके साथ पाकिस्तान, नेपाल की टीमें भी है। इसी तरह ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हैं। भारत अंडर 19 ग्रुप स्टेज का अपना शुरुआती मैच 15 दिसंबर, 2024 को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा और फिर 17 दिसंबर को नेपाल के साथ मुकाबला होगा।

**ऐसी है भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, नन्दना एस.

## ब्रिसबेन टेस्ट से पहले सुनील गावस्कर बोले, अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है



नई दिल्ली । ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के तीसरे टेस्ट से पहले पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है। बीजीटी सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन के प्रतिष्ठित द गाबा में खेला जाएगा। इससे पहले एडिलेड टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से निराशाजनक हार झेली थी। स्टार स्पोर्ट्स से एक्सक्लूसिव बातचीत में गावस्कर ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत के बाद लय भारत के साथ थी, लेकिन 10 दिन के अंतराल ने पर्यटकों को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम ने पर्थ में जो लय हासिल की थी, वह 10 दिन के अंतराल के दौरान खो गई। अब लय ऑस्ट्रेलिया के साथ है क्योंकि उन्होंने टेस्ट मैच जीता है। एडिलेड टेस्ट के कुछ दिनों बाद आप द गाबा में खेल रहे हैं। इसलिए अब लय ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ है।' गौर हो कि भारत को एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके शेष पांच विकेट पहले सत्र में ही गिर गए थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को 1-1 से बराबर करने के लिए व्यापक जीत हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली, जिसमें ट्रैविस हेड की 141 गेंदों पर 140 रनों की आक्रामक पारी शामिल थी। इसके बाद भारत अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ढेर हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 19 रनों की जरूरत थी। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होगा।

# डी गुकेश ने रच दिया इतिहास, सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चेस चैंपियन बने, चीन के डिंग लिरेन को हराया

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के अंतिम गेम में डिंग लिरेन की गलती के बाद इतिहास में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। ये गलती ऐसे समय में हुई जब टाईब्रेक की संभावना बहुत वास्तविक लग रही थी। पांचवें घंटे में खेल तब खत्म हुआ जब डिंग लिरेन ने एक गलती की जिसके कारण उन्हें हार झेलनी पड़ी।

एक वक्त ऐसा था जब लगा मैच टाईब्रेक हो जाएगा, लेकिन गुकेश ने अपनी कोशिश जारी रखते हुए डिंग को हराने में सफलता प्राप्त की। वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप 2024 में डिंग लिरेन अधिकांश समय पर पीछे चल रहे थे। बता दें कि, डोमराजू गुकेश 18वें वर्ल्ड चेस चैंपियन हैं।

वर्ल्ड चेस चैंपियन 2024 का फाइनल मुकाबला सिंगापुर में खेला गया। खिताबी मुकाबले में डी गुकेश ने 14वीं बाजी में डिंग लिरेन को करारी शिकस्त दी और खिताब पर कब्जा किया।

डिंग लिरेन के खिलाफ गुकेश काले मोहरों के साथ मुकाबले खेले थे। पूरे मैच में भारतीय युवा ने अपना जोरदार प्रदर्शन दिखाया और हर बाजी में चीनी खिलाड़ी पर भारी पड़े। आखिर में गुकेश ने चीन की बादशाहत खत्म कर दी।

### विश्वनाथन आनंद के खास क्लब में गुकेश की एंट्री

इस धांसू जीत के साथ 18 वर्षीय युवा चैंपियन शतरंज की दुनिया के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। साथ ही वो एक रिकॉर्ड के मामले में विश्वनाथन आनंद के क्लब में भी शामिल हो गए हैं। दरअसल, गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जबकि विश्वनाथन पहले भारतीय हैं। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने अपना आखिरी खिताब 2013 में जीता था।



## तीसरे टेस्ट में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हूं : मार्श



ब्रिस्बेन । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार से शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। मार्श ने कहा कि अब मैं पूरी तरह से फिट हूं और टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने तैयार हूं। टीम के कोचिंग स्टाफ़ और मेडिकल टीम ने उनकी फिटनेस हासिल करने में सहायता की है। मार्श को सितंबर में इंग्लैंड के सफ़ेद गेंद दौरे के दौरान पीठ में खिंचाव हुआ था। तब उन्होंने केवल एक बार गेंदबाज़ी की थी। अप्रैल में आईपीएल के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इस सत्र सीज़न की शुरुआत में उनके शेफ़ील्ड शील्ड में गेंदबाज़ी करने की योजना थी पर पीठ की समस्या के कारण वह ऐसा नहीं कर पाये। पर्थ में हुए पहले टेस्ट के पहले दिन मार्श ने दो विकेट लेने के साथ ही कुल 17 ओवर किए थे पर इसके बाद उन्हें दर्द हुआ। इससे एडिलेड टेस्ट के लिए उनकी फ़िटनेस पर सवाल उठने लगे थे। जिसके बाद बो वेब्स्टर को भी टीम में विकल्प के रुप में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट में उन्होंने पहले पारी में केवल चार ओवर किए थे। मार्श ने कहा, मेरे दिमाग़ में ऐसी कोई सीमा नहीं है। मैं जितना हो सके ज़रूरत के अनुसार गेंदबाज़ी करने के लिए तैयार रहूंगा। मैं हमारे मेडिकल स्टाफ़, कोच रॉनी एंड्रयू मैक्डोनाल्ड और कमिंस का आभारी हूं जिन्होंने मुझे पहले और दूसरे टेस्ट के बीच सही समय दिया जिससे मैं मैच के लिए तैयार हो सकूं। मार्श ने कहा कि उनके लिए यह अहम है कि वह टीम के लिए उपयोगी भूमिका निभा सकें।

# यशस्वी की टिप्पणी से बेतर प्रदर्शन को प्रेरित हुए स्टार्क : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में जिस प्रकार की टिप्पणी मिशेल स्टार्क के खिलाफ की थी। लगता है वही लगता है उन्हें भारी पड़ी है। उसे टिप्पणी से स्टार्क दूसरे टेस्ट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए होंगे। यशस्वी ने पर्थ टेस्ट में 161 रनों की पारी के दौरान तंज कसा था कि स्टार्क बहुत धीमी गेंदबाजी कर रहे हैं।

उस समय इस टिप्पणी से भले ही स्टार्क हंस दिये थे पर उन्होंने एडिलेड में मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी को आउट करके करारा जवाब दिया। पोंटिंग ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज को जायसवाल की टिप्पणी से कुछ अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी। उन्होंने कहा, स्टार्क वास्तव में एक बहुत ही शांत व्यक्ति है। वह बहुत ज्यादा परेशान नहीं होता, यहां तक कि आप देख सकते हैं कि जब वह अब गेंदबाजी कर रहा होता है। और



अगर कोई बल्लेबाज कुछ कहता भी है, तो वह आम तौर पर अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान के साथ जवाब देता है। लेकिन मुझे लगता है कि उसके चेहरे पर यह मुस्कान शायद अंदर उठे रहे तूफान को ढकने का एक तरीका हो। उसने जिस प्रकार दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी की उसका अंदाजा इससे होता है। स्टार्क वर्तमानप समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। सभी प्रारूपों में 692 विकेट लेने के साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से हर प्रमुख खिताब जीता है। पोंटिंग ने स्टार्क की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि कैसे उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में लंबे समय तक रहने के लिए अपनी गेंदबाजी शैली को अनुकूलित किया है। उन्होंने कहा , वह निश्चित रूप से प्रशंसा के अधिकारी हैं। मेरा मतलब है, वह शायद पिछले कुछ वर्षों में पहले से कहीं बेहतर रहे हैं। और मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वह पहले की तुलना में अब अधिक बेहतर गेंदबाज बन गये हैं, फिर भी उनकी गति अभी भी लगभग वैसी ही है जैसी हमेशा थी। पोंटिंग ने कहा, उसने पर्थ में अपना पहला स्पेल कैसे शुरू किया और फिर जिस तरह से उसने एडिलेड में अपना पहला स्पेल शुरू किया वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा था। इससे पता चलता है कि उसका गुलाबी गेंद का रिकॉर्ड काफी अच्छा है।

## साल 2024 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती भारतीय टीम

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इस साल एक भी एकदिवसीय मैच नही जीती है। 1979 के बाद यह पहला और तीसरा अवसर है जब टीम ने साल में एक भी 50 ओवरों का मुकाबला नहीं जीता। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम साल 1974 से ही लगातार एकदिवसीय मैच खेल रही है। शुरुआती दौर में भारत का इस प्रारुप में प्रदर्शन अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा और वह साल 1974, 1976 और 1979 में एक भी एकदिवसीय मैच नही जीत पायी। इसी दौर में उसने 1975 का विश्वकप जीतकर और 1978 में पाकिस्तान को हराया। साल 1980 से भारतीय क्रिकेट की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ वह 2023 तक लगातार जारी रहा। भारतीय टीम ने हर साल मैच जीते हैं पर इस साल उसे एक भी जीत एकदियसीय में नही मिली। भारतीय टीम ने हालांकि इस साल ज्यादा एकदिवीसय मैच नहीं खेले हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली थी जिसे श्रीलंका ने 2-0 से जीता था। वहीं इस सीरीज का एक मैच रद हो गया था। वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इस साल 3 एकदिवसीय मैच खेले और उसे भी इन तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें इस साल सबसे कम एकदिवसीय मैच खेलने वाली टीमें भी रहीं। इन दोनों के अलावा आयरलैंड ने 5 जबकि जिम्बाब्वे ने 6 एकदिवीसीय खेले।




# गूगल सर्च : साल 2024 में सबसे ज्यादा खोजे गए क्रिकेटर हार्दिक पंड्या, पहले नंबर पर हैं महिला प्लेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** गूगल ईयर इन सर्च 2024 के अनुसार भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि दुनिया भर में खोजे गए खिलाड़ियों में सातवें नंबर पर। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के साथ दो सीजन खेलने के बाद मुंबई इंडियंस के साथ हाथ मिला लिया था। उन्हें पांच बार की चैंपियन टीम का कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन आईपीएल 2024 के अंत में वे स्टैंडिंग में सबसे नीचे रहे।

हालांकि कुछ सप्ताह बाद ही हार्दिक ने टी20 विश्व कप 2024 में महत्वपूर्ण वापसी की और देश के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में हार्दिक पंड्या ने तीन ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें डेथ ओवरों के दो महत्वपूर्ण ओवर भी शामिल थे। गूगल पर इस साल में खोज रुझानों में क्रिकेट का दबदबा रहा, लेकिन दुनिया में सबसे ज्यादा खोजी गई टीमों में कोई भी भारतीय खेल टीम शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाई।

भारत में आईपीएल सबसे ज्यादा खोजा गया। ओलंपिक (5वां), प्रो कबड्डी लीग (9वां) और इंडियन सुपर लीग (10वां) ने भी जगह बनाई। भारत में खेल के रुझानों में आईपीएल, टी20 विश्व कप और ओलंपिक ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया। भारत में शीर्ष 10 ट्रेंडिंग लोगों में से पांच खिलाड़ी थे - विनेश फोगाट (प्रथम), हार्दिक पंड्या (चौथे), शशांक सिंह (छठे), अभिषेक शर्मा (9वें) और लक्ष्य सेन (10वें)। विनेश फोगाट 2024 के लिए भारत में ट्रेंडिंग लोगों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस साल की शुरुआत में, विनेश ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन बाद में अधिक वजन के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बैडमिंटन में ओलंपिक पदक से मामूली अंतर से चूकने वाले लक्ष्य सेन भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और शशांक सिंह, जो क्रमशः सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में चमके, ने भी सूची में जगह बनाई।

### गूगल पर 2024 में टॉप 10 सर्च

1. इंडियन प्रीमियर लीग
2. टी20 वर्ल्ड कप
3. ओलिंपिक
4. प्रो कबड्डी लीग
5. इंडियन सुपर लीग
6. महिला प्रीमियर लीग
7. कोपा अमेरिका
8. दलीप ट्रॉफी
9. यूईएफए यूरो
10. अंडर-19 वर्ल्ड कप



## नक्सलियों और सुरक्षा बल के बीच भीषण मुठभेड़, 7 नक्सली ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला स्थित दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बल के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को अब तक सात नक्सली ढेर हो चुके हैं। पुलिस को सात नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी स्तर के नक्सली के मारे जाने की सूचना आ रही है। सुबह तीन बजे से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) तथा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ सुबह करीब 3 बजे दक्षिण अबूझमाड़ के जंगल में उस समय शुरू हुई जब पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

## कर्मचारी ने रोटी पर थूक लगा तंदूर में पकाया

### –वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मचा, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक होटल में कर्मचारी रोटी पर पहले थूक लगाता है फिर थूक लगी रोटी को तंदूर में डालकर पकाता है। घटना का वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी कर्मचारी की तलाश तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि होटल आए एक ग्राहक ने चुपके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में वीडियो की पुष्टि नहीं हो रही है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति रोटी बनाते हुए थूक रहा है। वीडियो की पुलिस ने जब जांच शुरू की तब वीडियो कृष्णा कालोनी स्थित ताज होटल का निकला। होटल के बाहर लगे तंदूर में होटल कर्मी रोटी बना रहे हैं। एक व्यक्ति रोटी पर थूक लगाकर तंदूर में डाल रहा था। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामला सामने आने के बाद से आरोपी फरार हो गया है। आरोपी कर्मचारी का नाम सोहेल है। दरअसल, एक व्यक्ति अपने दोस्त के साथ खाना खाने के लिए नाज होटल गए थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि रोटी बनाने वाला कर्मचारी थूक लगाकर रोटियों को तंदूर में डाल रहा है। उन्होंने चुपके से इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है।

## एयरपोर्ट से 540 दलाल गिरफ्तार, यात्रियों को अनाधिकृत सेवा के लिए करते थे मजबूर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के बाहर यात्रियों के साथ ठगी में शामिल 540 दलालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस साल गिरफ्तारियों की संख्या दोगुना से भी ज्यादा है। पिछले साल 264 दलालों की गिरफ्तारियां की गई थीं। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) ने कहा कि आरोपियों ने यात्रियों को अनधिकृत सेवाओं जैसे टैक्सी, आवास या शॉपिंग का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल एयरपोर्ट और देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन अपराधों में इस्तेमाल किए गए 254 वाहनों भी जब्त किए हैं, जबकि 2023 में यह संख्या 96 थी। उन्होंने दलाली के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों में से 373 दिल्ली से हैं, जबकि अन्य यूपी, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और सिक्किम के हैं। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि ये दलाल अकसर अनजान यात्रियों को अपना शिकार बनाते थे, खासतौर पर रात के समय टैक्सी चालक बनकर उन्हें सस्ती सेवाएं देने का झूठा वादा करते थे। इन भ्रामक तरीकों से यात्रियों को उत्पीड़न, वित्तीय शोषण और सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ता है।

## बाबू जी यह 5000 की महंगी साड़ियां आपको 500 रुपए में दे देंगे

### –यूपी के आगरा की रोडवेज बसों में बेची जा रही अर्थी से उतरी साड़ियां

आगरा। यूपी की रोडवेज बसों में अक्सर लोग सस्ती चीजें बेचते नजर आते हैं। कोई फल, तो कोई पावरबैंक से लेकर टॉर्च सस्ते दामों पर बेचता है। कई बार यात्री सस्ते के चक्कर में ठगी का शिकार हो जाते हैं। आगरा में रात के अंधेरे में रोडवेज बसों में एक अलग तरह का फ्रॉड होता है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती हैं कि जब रात के अंधेरे में बाजार बंद हो जाते हैं, तो यूपी रोडवेज की बसें चलती फिरती दुकान बन जाती हैं लेकिन इनमें यात्रियों को ठगा जाता है। कुछ ऐसा ही एक मामला सामने आया। बस में कुछ लोग साड़ियों के बंडल लेकर चढ़े और बेचने लगे। और ठग ने कहा बाबू जी यह 5000 की साड़ियां आपको 500 रुपए में दे देंगे। शख्स को व्यापारी ने 5000 रुपए की पांच साड़ियों का बंडल खरीदने के लिए कहा और मोलभाव करने पर सौदा पांच हजार से 500 पर आ गया। मतलब यह कि एक साड़ी महज 100 रुपए में पड़ रही थी। शख्स का कहना है कि जब उन्होंने साड़ियां दिखाने की बात की, तो उन्होंने बातों को टाल दिया और बेचने के बाद बस से उतर कर चले गए। वहीं जब साड़ियों को लेकर वह व्यक्ति घर पहुंचा तो पता चला कि कुछ साड़ी फटी थी और कुछ की क्वालिटी बेहद खराब थी। इसके बाद समझ आया कि आखिर व्यापारियों ने कैसे 5000 की साड़ियां 500 में कैसे दे दीं। साड़ियों के सस्ते में मिलने के बावजूद ठगों को फायदा ही होता है। इसकी बड़ी वजह आगरा के ही एक दुकानदार ने बताया कि ये साड़ियां अर्थी से उतरी हुई होती हैं। इतना ही नहीं, ये ठग भीख में मिली साड़ियों को सस्ते दामों में रात के अंधेरे में बेच देते हैं। दुकानदार ने यह भी आरोप लगाया कि इस ठगी में यूपी रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर की भी मिलीभगत होती है।

# वन नेशन वन इलेक्शन का ममता ने किया विरोध, बोलीं- दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा बंगाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को वन नेशन वन वोट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह बिल संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया। ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है।

ममता बनर्जी ने आगे लिखा कि यह सावधानीपूर्वक सोचा गया सुधार नहीं है; यह भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए बनाया गया एक सत्तावादी आरोप है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद संसद में इस कठोर कानून का पुरजोर विरोध करेंगे। बंगाल कभी भी दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा। यह लड़ाई भारत के लोकतंत्र को निरंकुशता के चंगुल से बचाने की है! टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही वन नेशन वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट कर चुकी हैं। हमारे देश में यह संभव नहीं है। इस बात की गारंटी कौन देगा कि एक बार वोट देने के बाद कोई सरकार पूरे कार्यकाल यानी 5 साल तक चलेगी। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे दी और मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं।

## धमकी के बाद बांग्लादेश से भागी हिंदु लड़की भारत में घुसी, बताई दर्दभरी कहानी

नई दिल्ली। बांग्लादेश में परेशान होकर एक 17 साल की हिंदू लड़की रात भर भागती रही और भारतीय सीमा में घुस गई। उसे सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने हिरासत में लिया और पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि वह इस्कॉन की भक्त है। उसने कहा कि पिछले कई हफ्तों से उसके परिवार को अल्पसंख्यक समुदाय से होने के कारण धमकियां मिल रही थीं। स्थिति तब बेकाबू हो गई जब बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने उसे अगवा करने और उसके परिवार के बाकी सदस्यों को मार डालने की धमकी दी। तभी उसने अपने देश से भागने का फैसला किया।

लड़की के मुताबिक, उसे वैध तरीके से भारत आने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ता इसलिए उसने सीमा की तरफ पैदल ही भागने का फैसला किया। हालांकि सीमा सुरक्षा बल ने उसे पकड़ लिया और पुलिस हिरासत में भेज दिया। यहीं पर उसने अपने भागने की कहानी सुनाई। पुलिस के अनुसार, किशोरी लड़की पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में सीमा से अवैध रूप से पार कर गई थी। उसने दावा किया कि उसके कुछ रिश्तेदार भारत में रहते हैं और जाहिर तौर पर वह उनके घर जा रही थी। पुलिस इस बात को लेकर आश्वस्त होना चाहती है। अब मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सीमा पार करने में उसके साथ कोई और था या किसी ने उसकी मदद की। बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। 25 नवंबर को ढाका में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से इस्कॉन के भक्त सबसे ताजा निशाना बने हैं।

## पति को सजा देने के लिए नहीं है गुजारा भत्ताः सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी मामले के बीच एक मामले की सुनवाई में पत्नी को भरण पोषण के मसले पर कोर्ट ने कहा कि भरण-पोषण की रकम इतनी होनी चाहिए कि पति पर भार न पड़े, लेकिन पत्नी को भी ठीक से जीवन जीने की व्यवस्था हो। साथ ही कोर्ट ने कहा कि कोई ऐसा फिक्स नियम नहीं है जो ज्यों का त्यों लागू कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि क्रूरता कानून का गलत फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस मामले में अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अधिकार क्षेत्र के अनुसार, दंपति का विवाह 'पूरी तरह से टूट चुका था', लेकिन पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने की जरूरत थी। कहा कि 'जैसा हमने किरण के मामले में कहा था, स्थायी भरण-पोषण की रकम ऐसी होनी चाहिए कि वह पति को सजा देने वाली नहीं हो, बल्कि पत्नी को एक अच्छा जीवनस्तर देने वाली हो।

कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि पत्नी को भरण-पोषण की रकम इतनी मिलनी चाहिए कि वह सम्मान के साथ जीवन जी सके, लेकिन यह रकम इतनी भी न हो कि पति को आर्थिक दिक्कत होने लगे। भरण-पोषण का उद्देश्य यह है कि पत्नी के 'जीवनस्तर' में गिरावट न आए और वह ठीक से अपनी जिंदगी जी सके।

बता दें कि अतुल के सुसाइड नोट, जिसमें उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न का जिक्र था, ने देश में दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर भारी फोकस ला दिया है। बता दें कि अतुल सुभाष ने मरने से पहले एक घंटे का एक वीडियो बनाया और अपनी आपबीती साझा की जिससे पूरा देश सकते में है। वीडियो में अतुल सुभाष ने पत्नी निकिता, सौरल वाले और फैमिली कोर्ट की जज रीता कौशिक समेत पांच लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

## राहुल गांधी को हाथरस की चार साल बाद याद आई वह राजनीति कर रहे हैं

### यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने विपक्षी नेताओं पर कसा तंज



लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अचानक हाथरस दौरे पर यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि राहुल गांधी को चार साल बाद हाथरस की याद आई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को जलाया जाता था। आज ऐसी घटनाएं नहीं होती हैं। कांग्रेस की सरकार में बड़े पैमाने पर दंगे और कर्फ्यू लगाया जाता था। अब ये मुद्दे शांत हो गए हैं और इनको उम्मीद है कि यह फिर से सत्ता में वापसी कर लेंगे, लेकिन जनता के साथ जो उन्होंने किया, उसका जवाब जनता दे रही है। उन्हें हाथरस जाना है तो जाएं।

सदन में कार्यवाही स्थगित होने पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राजनीति करते हैं और समाजवादी पार्टी अपनी राजनीति करती है। सपा चाहती है जिन मुद्दों पर वह स्टैंड ले रही हैं कांग्रेस उन्हीं मुद्दों को उठाए, लेकिन कांग्रेस को यह पसंद नहीं है। कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय पार्टी और सपा को क्षेत्रीय पार्टी मानती है। इस तरह के व्यवहार से बचना चाहिए, लेकिन उनके बीच अंदरूनी कटुता है।

उद्धव ठाकरे गुट शिवसेना के नेता संजय राउत के बयान पर राजभर ने कहा कि अब ये व्यक्तिगत बयान नहीं रह गया है, ये लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जनता ने तीसरी बार सरकार चुनी है। अगर महाराष्ट्र में हालात इतने खराब थे तो बीजेपी को पूर्ण बहुमत कैसे मिल गया? इसी तरह अगर हरियाणा में हालात प्रतिकूल थे तो बीजेपी वहां पूर्ण बहुमत कैसे ला पाई? इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। वह नेता हैं, कैसा भी बयान दे सकते हैं, लेकिन बाद में कहते हैं कि मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

असम में एनआरसी और आधार कार्ड के मुद्दे पर राजभर ने कहा कि वहां की सरकार की यह पहल है। हर राज्य में सरकार अपने हिसाब से काम करती है। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा किसानों से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि जब सरकार में होते हैं तो उन्हें किसान, अल्पसंख्यक याद नहीं आते।

## खुश नहीं हैं शिंदे ! महायुति का बर्ताव भी नहीं आ रहा पसंद, दिल्ली भी नहीं गए



मुंबई। महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद भी महासंग्राम थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां महायुति के नेताओं में आपसी अनबन अभी भी दिखाई दे रही है। खबरें हैं कि आलाकमान से दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद नहीं थे। कहा जा रहा है कि बड़े मंत्रालयों पर मतभेद सुलझने के बाद भी गठबंधन सरकार में कुछ मुद्दों पर रार जारी है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इस सप्ताह कैबिनेट विस्तार हो सकता है। खबरों के अनुसार, शिवसेना प्रमुख के कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि शिंदे बुधवार को हुई बैठक में मौजूद नहीं थे। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब राज्य में विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा के साथ हुई मीटिंग में अजित पवार भी शामिल रहे थे। खास बात है कि पहले शिंदे भी बैठक में शामिल होने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने नहीं जाने का फैसला किया। बताया गया है कि शहरी विकास विभाग के अलावा शिंदे पक्ष को कोई भी बड़ा मंत्रालय नहीं दिया गया है। वह राजस्व, लोक निर्माण, एमएसआरडीसी, आवास और उद्योग में दिलचस्पी दिखा रहे थे, लेकिन भाजपा ने मांग को स्वीकार नहीं किया। खबर है कि शिंदे भाजपा की इस शर्त से भी खफा थे कि पिछली सरकार में जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उन नेताओं को नहीं चुना जाएगा। शिंदे के एक करीबी ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया में शिंदे उनके साथ हुए व्यवहार से भी खफा हैं। उन्होंने कहा, उन्हें हर चीज में तोल मोल करना पड़ा। उन्हें लगता है कि सत्ता में उन्हें उचित हिस्सा नहीं दिया गया। जबकि, महाराष्ट्र में महायुति की जीत में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। ऐसे में वह ठाणे स्थित आवास में ही रहे और दिल्ली नहीं गए।

## असम सरकार का बड़ा फैसलाः एनआरसी के लिए आवेदन करने पर ही मिलेगा आधार कार्ड



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम सरकार ने एनआरसी के लिए बड़ा फैसला लिया है। यहां अब एनआरसी के लिए आवेदन करने वालों को ही आधार कार्ड मिलेगा। जिन्होंने आवेदन नहीं किया है या करना नहीं चाह रहे है वे आधार कार्ड से वंचित रहेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि संकटग्रस्त बांग्लादेश के नागरिकों द्वारा घुसपैठ की कोशिशों को देखते हुए कैबिनेट की बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया।

उन्होंने कहा, पिछले 2 महीने में असम पुलिस, त्रिपुरा पुलिस और बीएसपी ने बड़ी संख्या में घुसपैठियों को पकड़ा है। यही कारण है कि बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे लिए चिंता का विषय है। हमें अपनी प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता है और इसीलिए हमने आधार कार्ड तंत्र को सख्त बनाने का निर्णय लिया है। सरमा ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि अब से राज्य सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग आधार आवेदकों के सत्यापन के लिए नोडल एजेंसी होगा और प्रत्येक जिले में एक अतिरिक्त जिला आयुक्त संबंधित व्यक्ति होगा। उन्होंने कहा, प्रारंभिक आवेदन के बाद, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) इसे सत्यापन के लिए राज्य सरकार को भेजेगा। स्थानीय सर्किल अधिकारी (सीओ) पहले यह जांच करेगा कि आवेदक या उसके माता-पिता या परिवार ने एनआरसी में शामिल होने के लिए आवेदन किया है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर एनआरसी के लिए कोई आवेदन नहीं है, तो आधार अनुरोध को तुरंत खारिज कर दिया जाएगा और तदनुसार केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा नियम**

सीएम ने कहा, अगर यह पाया जाता है कि एनआरसी के लिए कोई आवेदन था, तो सीओ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार क्षेत्र-स्तरीय सत्यापन के लिए जाएंगे। अधिकारी के पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद, आधार को मंजूरी दी जाएगी। हालांकि, सरमा ने कहा कि यह नया निर्देश उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं और जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्होंने कहा, इस तरह, हम अपने आधार जारी करने की प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक सख्त तंत्र लागू करेंगे ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति यह पहचान पत्र न पा सके।

## 'छठी मैया की बिटिया' शो में स्नेहा वाघ निभा रहीं मुख्य किरदार



एजेंसी

**पटना :** दुनिया की तेज रफ्तार ज़िंदगी में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से शांति और उद्देश्य को पाया है। इसी में अभिनेत्री स्नेहा भी शामिल हैं जो फिलहाल सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' में छठी मैया का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में, स्नेहा ने अपनी इस यात्रा के बारे में खुलकर बात की और बताया कि यह कैसे शुरू हुई और उनके जीवन पर इसका गहरा प्रभाव कैसा रहा। स्नेहा वाघ ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, मेरी आध्यात्मिक यात्रा 2016-17 के आसपास शुरू हुई जब मैंने अपने भीतर शांति की तलाश शुरू की। समय के साथ, खासकर पिछले तीन-चार वर्षों में मेरा आध्यात्मिकता के प्रति जुड़ाव और गहरा हुआ। इस दौरान, मैंने भारत के प्राचीन मंदिरों की यात्रा की, वहां की कथाओं और शिक्षाओं को सुना और उनके महत्व को पढ़ा। इन यात्राओं के दौरान, मैंने भारत के दूरस्थ हिस्सों में ऐसे मंदिर खोजे, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। इन अनुभवों ने मुझे महसूस कराया कि हमारा देश संस्कृति और विरासत के मामले में कितना समृद्ध है। उन्होंने आगे कहा,शुरूआत में मुझे मंदिरों की वास्तुकला ने आकर्षित किया। बाद में, इन मंदिरों में स्थित देवताओं ने मुझे खींचना शुरू किया और यहीं से मैंने पौराणिक कथाओं का अध्ययन करना शुरू किया। पौराणिक कथाओं के माध्यम से, मैंने जीवन और सभ्यता के विकास की व्यापक कहानी से जुड़ाव महसूस किया। इस अहसास ने मेरे विश्वास को मजबूत किया और संस्कृति व सभ्यता के बारे में अधिक जानने की प्रेरणा दी।

# जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल बर्फ से ढंके, रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी

### –दिल्ली से ज्यादा ठंडा एनसीआर, आने वाले दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल बर्फ से ढके हैं, क्योंकि घाटी के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, इसमें बांदीपुरा, बारामुल्ला और गुरेज शामिल हैं। कश्मीर के बर्फ से ढके पहाड़ों ने पर्यटकों को ठंड के मौसम में खुश होने का मौका दिया है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में ताजा बर्फबारी हुई, जबकि घाटी के अन्य इलाकों में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। ऐसा जम्मू-कश्मीर में आए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है, इससे घाटी के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। पिछले महीने, लद्दाख में भी मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जिसने खूबसूरत पहाड़ों को सफेद चादर से ढक दिया। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है, लेकिन मौसम में मैदानी इलाकों में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। सोनमर्ग में बर्फबारी ने पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है, क्योंकि लोग हिमालय के मौसम का आनंद लेने और खुद को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों और स्कार्फ में बर्फ से ढकी जमीन पर निकल पड़े हैं।

इस बीच, आसमान में बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर सहित पूरे कश्मीर में रात का तापमान बढ़ गया। हालांकि, कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा।

श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो पिछली रात के मौसम के सबसे कम माइनस 5.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

**दिल्ली से ज्यादा ठंडा एनसीआर, छप्पर पर जमी सफेद परत**

धीरे-धीरे सर्दी के तेवर दिखाने लगे हैं। एनसीआर के रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल में दिल्ली से ज्यादा सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे सर्द सुबह रहा। पिछले साल की तुलना में दिसंबर पहले 12 दिन ज्यादा ठंडक रहे हैं। वहीं, नारनौल में 2.2 डिग्री सेल्सियस और महेंद्रगढ़ में 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

पिछले छह दिनों से न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। गुरुवार सुबह से ही आसमान साफ होने और धूप निकलने के बाद भी ठिठुरन से राहत नहीं मिली है। खुले में रखे टंकियों का पानी फ्रीज में रखे हुए ठंड की तरह है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अभी सर्दी का फसलों विशेषकर गेहूं और सरसों के लिए फायदेमंद है। दिन में अच्छी धूप निकलने से फसलों को फायदा मिलेगा। आने वाले दो-तीन दिन ऐसी ही स्थिति रह सकती है।

**गुरुग्राम में 6.2 डिग्री पारे के साथ सीजन की सबसे सर्द सुबह रही**



गुरुग्राम में लगातार पारा लुढ़क रहा है। 6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सीजन की सबसे सर्द सुबह रही। छह बजे से नौ बजे तक ठंडी हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी। दिन में अच्छी धूप खिली और दिनभर मौसम साफ रहा। अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीन दिन से लगातार तापमान में गिरावट आने से सुबह-शाम अचानक सर्दी बढ़ गई है। लोग अब गरम कपड़े पहने हुए नजर आने लगे हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**